www.bharatsamvad.live

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

मौसम
अधिकतम तापमान 31.c
28.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 98.935g
चांदी 100,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 विश्वास के संकट से घिरी न्यायपालिका, महाभियोग लाने के लिए सत्ता पक्ष को क्यों विवश किया जा रहा है?
कत्थक कार्यशाला में बच्चों को मिली नृत्य की शिक्षा 04

वर्ष :08 अंक :349 मुंबई, मंगलवार, 10 जून 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2:00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## गोदावरी नदी में डूबे छह किशोरों के शव बरामद किये गए

जयशंकर भूपलपल्ली में गोदावरी नदी में डूबे छह किशोरों के शव रविवार को बरामद कर लिये गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सभी किशोरों की उम्र 13 से 19 वर्ष के बीच है और वे शनिवार शाम को महादेवपुर मंडल में नदी में नहाने गए थे। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें खोजने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया और रविवार को शव बरामद किए गए। राज्य के आईटी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने शनिवार को जिला अधिकारियों को किशोरों का पता लगाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का निर्देश दिया।

## पटना में अज्ञात हमलावरों की गोलीबारी में दंपति, बेटी घायल

बिहार की राजधानी पटना के आलमगंज इलाके में सोमवार को अज्ञात हमलावरों ने एक दंपति और उनकी बेटी को कथित तौर पर गोली मार कर घायल कर दिया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह करीब सवा नौ बजे आलमगंज थानाक्षेत्र के अरफाबाद नहर के पास हुई। सहायक पुलिस अधीक्षक (पटना सिटी) अतुलेश झा ने पीटीआई-भाषा को बताया, पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल ले गई। जहां व्यक्ति की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है, वहीं उसकी पत्नी और बेटी की हालत गंभीर है। झा ने बताया कि घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है तथा आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाश शुरू कर दी गई है। रविवार को पटना के धनरुआ इलाके में जमीन विवाद को लेकर बदमाशों द्वारा कथित तौर पर गोली चलाने से एक उपनिरीक्षक और उसके बेटे समेत तीन लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने बताया कि घायल उपनिरीक्षक की पहचान मनोज सिंह के रूप में हुई है और वह सहरसा जिले में तैनात हैं। पुलिस ने बताया कि उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# न जवाबदेही, न बदलाव, सिर्फ प्रचार

## 2025 पर बात करना छोड़, 2047 के सपने बेच रही है सरकार : राहुल गांधी

**मोदी सरकार पर तंज**

▶▶ कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि भारतीय रेल करोड़ों की ज़िंदगी की रीढ़ है, लेकिन आज असुरक्षा, भीड़ और अव्यवस्था की प्रतीक बन चुकी है। मोदी सरकार के 11 साल = न जवाबदेही, न बदलाव, सिर्फ प्रचार। सरकार 2025 पर बात करना छोड़, अब 2047 के सपने बेच रही है।

एजेंसी

भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के सत्ता में 11 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सरकार का पूरा ध्यान गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने और सभी के लिए विकास करने पर रहा है। दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने कहा कि जब मोदी सरकार 11 साल की सेवा का जश्न मना रही है, तब देश की हकीकत मुंबई से आ रही दर्दनाक खबर में दिखती है - ट्रेन से गिरकर कई लोगों की मौत। दरअसल, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह भीड़ वाली एक चलती ट्रेन से गिरकर कम से कम चार यात्रियों की जान चली गई। यहां पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में छह यात्री घायल हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि घटना दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच उस वक्त हुई जब यात्रियों से भरी ट्रेन कसारा जा रही थी। रेलवे अधिकारियों ने मृतकों की संख्या की पुष्टि किए बिना बताया कि घटना संभवतः भीड़भाड़ वाली दो ट्रेनों के पायदान से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुई क्योंकि ट्रेनें विपरीत दिशाओं से गुजर रही थीं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घटना पर दुख व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि रेलवे ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि व्यस्त समय के दौरान ट्रेन में अत्यधिक भीड़ थी, कई लोग ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े थे। अधिकारी ने बताया कि चलती ट्रेन से कम से कम 10 यात्री गिर गए।



**लोकसभा में विपक्ष के नेता ने 'एक्स' पर कहा**

"जब मोदी सरकार 11 साल की 'सेवा' का जश्न मना रही है, तब देश की हकीकत मुंबई से आ रही दर्दनाक खबर में दिखती है – ट्रेन से गिरकर कई लोगों की मौत।" उन्होंने कहा कि भारतीय रेल करोड़ों की जिंदगी की रीढ़ है, लेकिन आज यह असुरक्षा, भीड़ और अव्यवस्था की प्रतीक बन चुकी है।

> कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि भारतीय रेल करोड़ों की ज़िंदगी की रीढ़ है, लेकिन आज असुरक्षा, भीड़ और अव्यवस्था की प्रतीक बन चुकी है। मोदी सरकार के 11 साल = न जवाबदेही, न बदलाव, सिर्फ. प्रचार। सरकार 2025 पर बात करना छोड़, अब 2047 के सपने बेच रही है। उन्होंने कहा कि देश आज क्या झेल रहा है, ये कौन देखेगा? मैं मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# ठाणे में लोकल से यात्री गिरे-4 की मौत, 13 घायल

## 2 ट्रेनें नजदीक से गुजरीं, गेट पर लटक रहे यात्री बैग टकराने से गिर गए

### रेलवे ने कहा- यात्रियों के बैग उलझ गए थे

मुंब्रा रेलवे हादसे पर सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल धनराज नीला ने बताया, 'यह हादसा मुंब्रा और दिवा स्टेशनों के बीच डाउन/फास्ट लाइन पर हुआ। कसारा से आ रही लोकल ट्रेन और सीपीआरओ की तरफ जा रही एक दूसरी ट्रेन के गेट पर खड़े यात्रियों के बैग टकरा गए। मरने वालों की पहचान केतन सरोज, राहुल गुप्ता, मयूर शाह और ठाणे सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कॉन्स्टेबल विक्की मुखियाद के रूप में हुई है। कसारा की ओर जा रही ट्रेन के गार्ड ने रेलवे अधिकारियों को घटना की जानकारी दी थी।



### डिप्टी सीएम ने कहा- सख्त कार्रवाई की जाए

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा, 'ये मौतें लोकल ट्रेन में भीड़भाड़ और यात्रियों की सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत को उजागर करती हैं। मुझे विश्वास है कि रेलवे प्रशासन जल्द ही लोकल ट्रेन सर्विस को और सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाएगा।' डिप्टी सीएम महाराष्ट्र, एकनाथ शिंदे ने कहा, 'भारतीय रेलवे की एक हाईलेवल कमेटी मामले की जांच करेगी। तभी सच्चाई सामने आएगी और अगर कोई दोषी पाया जाता है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

एजेंसी

ठाणे, मुंबई के मुंब्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक सोमवार सुबह चलती लोकल ट्रेनों से 10 यात्री नीचे गिर गए। इनमें से 4 की मौत हो गई, जबकि 13 घायल हो गए। मरने वालों में जीआरपी कॉन्स्टेबल भी शामिल है। ये सभी ट्रेन के गेट पर खड़े थे। घटना सुबह 9:30 बजे मुंब्रा के आगे दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। ऑफिस टाइम होने के कारण ट्रेन में भीड़ ज्यादा थी, जिससे यह हादसा हुआ। रेलवे के मुताबिक संभवतः ये यात्री ट्रेनों के फुटबोर्ड से लटके हुए थे। विपरीत दिशा में ट्रेनों के नजदीक से गुजरने के समय उनके बैग एक-दूसरे से टकरा गए। पहले खबर आई थी कि हादसा लखनऊ जाने वाली पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों के साथ हुआ है। यह ट्रेन मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से सुबह करीब 8.30 बजे रवाना हुई थी और घटनास्थल से हादसे के कुछ वक्त बाद गुजरी थी। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में हुई त्रासदी के बाद मंत्रालय ने मुंबई सबअर्बन एरिया के लिए बनाई जा रही सभी लोकल ट्रेनों में ऑटोमैटिक दरवाजा बंद करने की सुविधा देने का फैसला किया है। कुमार ने कहा कि वर्तमान में चल रहे सभी कोच को फिर से डिजाइन किया जाएगा

# नक्सलियों द्वारा लगाए गया प्रेशर बम फटने से एसीपी शहीद

## डीएसपी और थाना प्रभारी घायल

> छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एजेंसी

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि सोमवार को सुकमा जिले में संदिग्ध माओवादियों द्वारा लगाए गए एक विस्फोटक उपकरण के फटने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए। प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत



छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम में विस्फोट होने से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौत हो गई तथा दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस अधिकारी आकाश राव गिरपुंजे और कोंटा के उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) भानुप्रताप चंद्राकर और निरीक्षक (थाना प्रभारी कोंटा) सोनल गवला, जिले के कोंटा क्षेत्र में एक अर्थ-मूवर मशीन को नक्सलियों द्वारा आग लगाने की सूचना मिलने के बाद आज सुबह जवानों के साथ पैदल मौके पर जा रहे थे। इसी दौरान कोंटा-एराबोर मार्ग पर डोंड्रा गांव के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम (बारूदी सुरंग) में विस्फोट हुआ, जिससे एएसपी आकाश राव, चंद्राकर और गवला घायल हो गए।

# राजा रघुवंशी मर्डर केस: यूपी के गाजीपुर में मिली सोनम रघुवंशी, सुपारी देकर शिलांग में कराई पति राजा की हत्या

## मेघालय डीजीपी बोलीं- पति राजा की हत्या कराई; पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट- धारदार हथियार से किए थे वार

एजेंसी

गाजीपुर, इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की शिलॉन्ग में हत्या के आरोप में उनकी पत्नी सोनम और 5 संदिग्धों को पकड़ा गया है। सोनम रविवार देर रात 3 बजे यूपी के गाजीपुर के एक ढाबे पहुंची थी। ढाबा संचालक ने पुलिस को सूचना दी। बाकी 5 आरोपियों को मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के साथ अलग-अलग जगह रात भर डाली गईं रेड में पकड़ा गया। एमपी के बीना से आनंद को, इंदौर से राज कुशवाहा, विशाल चौहान, आकाश राजपूत और उत्तरप्रदेश के ललितपुर से आकाश लोधी को हिरासत में लिया गया। मेघालय एसआईटी के चीफ हर्बर्ट पिनियाड खारकोंगोर ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राजा पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। उसके सिर पर दो चोटें आई थी। इस बीच शाम को मेघालय के शिलॉन्ग से दो लेडीज पुलिस अफसर गाजीपुर पहुंचीं हैं।

> मेघालय पुलिस के डीजीपी के अनुसार राजा रघुवंशी के हत्याकांड में उसकी पत्नी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. सोनम ने खुद ही मेघालय जाने की टिकट बुक की थी.



# धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि: राज्यपाल संतोष गंगवार और सीएम हेमंत ने दी श्रद्धांजलि

▶▶ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के पास राज्यपाल संतोष गंगवार के साथ रांची विधायक सीपी सिंह और सांसद महुआ माजी

एजेंसी

रांची: धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया. राजधानी के कोकर स्थित बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, सीपी सिंह, सांसद महुआ माजी, नवीन जायसवाल, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, समेत कई गणमान्य शामिल



हुए.इस दौरान आदिवासी समाज से जुड़े लोगों ने पारंपरिक रीति रिवाज से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की और उनके प्रतिमा पर पगड़ी बांधी गई. इस अवसर पर आदिवासी समाज के अनेक गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक भी उपस्थित रहे.राज्यपाल संतोष गंगवार और सीएम हेमंत ने धरती आबा बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान पूरे समाधि स्थल को पारंपरिक सजावट से सजाया गया था.

# यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को नहीं मिली बेल

## फिर बढ़ी 14 दिन की न्यायिक हिरासत

> पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। सोमवार को हिसार कोर्ट ने ज्योति मल्होत्रा मामले की सुनवाई की। इसमें ज्योति को कोई राहत नहीं मिली।

एजेंसी

हिसार: पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. हिसार कोर्ट में ज्योति मल्होत्रा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई जिसके बाद ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया. अब ज्योति मल्होत्रा 23 जून तक न्यायिक हिरासत में रहेगी. ये जानकारी ज्योति मल्होत्रा के अधिवक्ता कुमार मुकेश ने दी. बता दें कि सिविल लाइन पुलिस



ने ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ जासूसी करने के आरोपों समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया था.ज्योति मल्होत्रा का श्कढ कनेक्शन: हिसार की रहने वाली यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पिछली बार हिसार कोर्ट में पेशी के बाद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था. आज उसे दोबारा हिसार कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया. यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का पाकिस्तानी अफसरों के साथ लगातार कनेक्शन का खुलासा हो रहा है. पहले दानिश के साथ ज्योति के संबंधों का खुलासा हुआ. फिर पता चला है कि ज्योति मल्होत्रा पाकिस्तान के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर नासिर ढिल्लो के साथ भी संपर्क में थी.पाकिस्तान में कड़ी सुरक्षा के बीच ज्योतिः पाकिस्तानी दूतावास के कर्मचारी दानिश की दोस्त ज्योति मल्होत्रा ने पाकिस्तान में घूम-घूमकर कई जगहों पर वीडियो बनाए. यहां तक कि पाकिस्तान में उसको हाईप्रोफाइल वीआईपी सिक्योरिटी तक दी गई. वीडियो बनाने के दौरान हाथ में एके-47 लेकर कई सुरक्षा गाड्र्स पाकिस्तान में ज्योति मल्होत्रा की सुरक्षा करने में लगे नजर आ चुके हैं.

# परिवार से कर सकेगा बात, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को मिली कोर्ट से मिली इजाजत

▶▶ अदालत ने राणा के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर एक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट भी मांगी है, जिसे 10 दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। इसके अलावा, अदालत ने जेल अधिकारियों से एक विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है, जिसमें इस बात पर उनका रुख स्पष्ट किया गया है कि क्या जेल मैनुअल के अनुसार राणा को भविष्य में नियमित रूप से फोन कॉल करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

एजेंसी




दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को फिलहाल अपने परिवार को एक बार फोन करने की अनुमति दे दी। हालांकि, अदालत ने कहा कि यह कॉल जेल के नियमों के अनुसार और तिहाड़ जेल अधिकारियों के एक वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी में की जाएगी। जेल अधिकारियों को दिए गए अपने जवाब में, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस एक बार के फोन कॉल की अनुमति को मंजूरी दे दी है। अदालत ने राणा के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर एक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट भी मांगी है, जिसे 10 दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। इसके अलावा, अदालत ने जेल अधिकारियों से एक विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है, जिसमें इस बात पर उनका रुख स्पष्ट किया गया है कि क्या जेल मैनुअल के अनुसार राणा को भविष्य में नियमित रूप से फोन कॉल करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

पलटवार | डीएमके सांसद ए राजा का बीजेपी पर पलटवार

# यह दिल्ली या महाराष्ट्र नहीं, हम मोदी-शाह से नहीं डरते

एजेंसी

नयी दिल्ली। डीएमके के वरिष्ठ नेता ए राजा ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे आम लोगों से नहीं डरती और उनके पास भाजपा के विपरीत विचारधारा है, जो यह सुनिश्चित करेगी कि भगवा पार्टी तमिलनाडु में पैर न जमा पाए। रविवार को मदुरै में अमित शाह द्वारा सत्तारूढ़ डीएमके की आलोचना के जवाब में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजा ने दावा किया कि विभिन्न मुद्दों पर भाजपा के दिग्गज नेता की टिप्पणियां सरासर झूठ, घृणित और विभाजनकारी हैं। लोकसभा सांसद ने जोर देकर कहा कि भाजपा तमिलनाडु में पैर नहीं जमा सकती, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, दिल्ली



या महाराष्ट्र के विपरीत, क्योंकि द्रविड़ विचारधारा भगवा विचारधारा का प्रतिकार है। उन्होंने द्रविड़ दर्शन का हवाला देते हुए कहा, (आप प्रमुख) अरविंद केजरीवाल (दिल्ली में) सत्ता में कैसे आए - उन्होंने केवल भ्रष्टाचार का विरोध किया, क्या उनके पास कोई विचारधारा थी, क्या उनके पीछे कोई नेता थे....हम अमित शाह और मोदी से नहीं डरते - आखिरकार, वे साधारण व्यक्ति हैं। उनके पीछे की राजनीतिक विचारधारा हर जगह आक्रमण कर रही है और जीत रही है, लेकिन वह यहां क्यों नहीं जीत पा रही है। क्योंकि हमारे पास उस विचारधारा का विकल्प है। उन्होंने कहा कि जब तक द्रविड़ विचारधारा है, वे तमिलनाडु में पैर नहीं जमा सकते। हम दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा नहीं हैं। हम तमिलनाडु हैं, हम द्रविड़ हैं, (भाजपा) यहां नहीं आ सकती। शाह ने रविवार को कहा कि एनडीए अगले साल तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में सरकार बनाएगी और उन्होंने 4,600 करोड़ रुपये के रेत खनन घोटाले सहित भ्रष्टाचार के नए आरोपों के जरिए राज्य में डीएमके सरकार पर निशाना साधा। भाजपा तमिलनाडु में एआईएडीएमके के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा है।

ए राजा ने कहा कि जब तक द्रविड़ियन विचारधारा यहां है, तब तक कोई भी तमिलनाडु में अपने पांव नहीं जमा सकता। हम दिल्ली, महाराष्ट्र या हरियाणा नहीं हैं।

हम द्रविड़म हैं और भाजपा यहां नहीं आ सकती। अमित शाह ने डीएमके सरकार पर 4600 करोड़ रुपये के खनन घोटाले में लिप्त होने का आरोप लगाया था। तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं और भाजपा राज्य में एआईएडीएमके के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। डीएमके सांसद ने जनगणना और परिसीमन के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए।

> लोकसभा सांसद ने जोर देकर कहा कि भाजपा तमिलनाडु में पैर नहीं जमा सकती, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, दिल्ली या महाराष्ट्र के विपरीत, क्योंकि द्रविड़ विचारधारा भगवा विचारधारा का प्रतिकार है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदला : नड्डा



> प्रधानमंत्री मोदी ने 9 जून 2024 को तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। मोदी सरकार सोमवार को अपने तीसरे कार्यकाल की पहली और कुल मिलाकर 11वीं वर्षगांठ मना रही है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाना चाहिए। यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया और एक जिम्मेदार और जवाबदेह सरकार प्रदान करके सुशासन की राजनीति शुरू की, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार भ्रष्टाचार, घोटाले और तुष्टीकरण की राजनीति के लिए जानी जाती थी। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए कार्य असाधारण हैं और उन्हें स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाना चाहिए। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक उत्तरदायी और मजबूत सरकार प्रदान की। नड्डा ने मोदी सरकार द्वारा लिए गए साहसिक निर्णयों में अनुच्छेद 370 को निरस्त करना, तीन तलाक को खत्म करना, वक्फ संशोधन, नोटबंदी, महिला आरक्षण विधेयक का हवाला दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने 9 जून 2024 को तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। मोदी सरकार सोमवार को अपने तीसरे कार्यकाल की पहली और कुल मिलाकर 11वीं वर्षगांठ मना रही है।

## सम्पादकीय

### सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अमृतकाल, विविधताओं के उत्सव से जो अमृत निकल रहा है, वह भारत को अनंतकाल तक ऊर्जावान रखेगा

प्रधानमंत्री ने विदेश में बसे भारतीय प्रवासियों को सांस्कृतिक राजदूत बनने की प्रेरणा दी और आह्वान किया कि वे भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति को विश्व पटल पर ले जाएं। विविधताओं के इन उत्सवों से राष्ट्रीयता का जो अमृत निकल रहा वह भारत को अनंतकाल तक ऊर्जावान रखेगा। सनातन संस्कृति और उसकी आत्मा क्या है? अखंड भारत का विचार क्या है? वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के साथ देश में सकारात्मक परिवर्तन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का जो कार्य प्रारंभ हुआ, उसे जारी रहते हुए 11 वर्ष हो गए। ये 11 वर्ष भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की न केवल नींव बने, बल्कि भारत की संस्कृति को जीवंतता भी प्राप्त हुई इस सबका केंद्र बिंदु है भारतीय संस्कृति और विरासत को सहेजने एवं संवारने के प्रति प्रधानमंत्री का समर्पण। उनके कार्यकाल में हमारी महान धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का पुनरुद्धार कर उसे पुरानी गरिमा वापस दिलाने का भगीरथ प्रयास हुआ है। विरासत भी, विकास भी जैसे दृष्टिकोण के माध्यम से सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ध्वजा फहरा रही है मैं अक्सर चिंतन करता था कि अहिल्याबाई होलकर की तरह क्या कोई हमारी महान सांस्कृतिक चेतना को फिर से प्रतिष्ठित करने में सहायक होगा? रामलला का अपने घर विराजमान होना, काशी विश्वनाथ मंदिर एवं महाकाल लोक कारिडोर का निर्माण, सोमनाथ मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार, करतारपुर साहिब कारिडोर तैयार होना, चार धाम परियोजना का विकास, बुद्ध एवं जैन सर्किट के निर्माण के जरिए मोदी सरकार ने न केवल देश की सांस्कृतिक विरासत को एकसूत्र में पिरोया, बल्कि उसे अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ गर्व से खड़ा होना भी सिखाया। वर्षों बाद श्रद्धा और विश्वास के साथ जम्मू-कश्मीर में खीर भवानी मेले का आयोजन हुआ। दशम गुरु गोबिंद सिंह के सुपुत्रों के बलिदान को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा भी बहुप्रतीक्षित और ऐतिहासिक रही। हमारी विदेश नीति में भी देश के सांस्कृतिक महत्व को स्थापित किया गया। प्रधानमंत्री विदेशी अतिथियों को श्रीमद्भगवद्गीता, तुलसी जी का पौधा या भारतीय संस्कृति से जुड़ी चीजें भेंट करते हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन और उसके पहले इस समूह की देश भर में आयोजित बैठकों में हमने दुनिया को अपनी संस्कृति से परिचित कराया। वर्षों से देश से सैकड़ों प्राचीन की मूर्तियों और कलाकृतियां चोरी करके विदेश भेजी जाती रही हैं। हम ऐसे समाचार पढ़ते थे, लेकिन कभी मूर्तियों की वापसी की खबरें देखने-पढ़ने को नहीं मिलती थीं। 2014 के बाद यह भी बदलाव हुआ। अब चोरी और लूट के जरिए विदेश पहुंचीं कलाकृतियों और मूर्तियों के लौटने की खबरें आने लगीं। 2014 के बाद से अब तक विदेश से लगभग 642 प्राचीन मूर्तियां और धरोहर वापस आई हैं।

## आज का विचार

देख लेना ज़िन्दगी में
मेहनत से मिले
फल का स्वाद
क़िस्मत से मिले फल के स्वाद
से ज़्यादा मीठा लगेगा

भारत संवाद




**मेष राशि :** खुशनुमा जिन्दगी के लिए अपना जिद्दी और अड़ियल रवैये को दरकिनार करें, क्योंकि इससे सिर्फ समय की बर्बादी ही होती है. दूसरों को प्रभावित करने के लिए जरूरत से ज्यादा खर्चा न करें. आपके परिवार वाले किसी छोटी-सी बात को लेकर राई का पहाड़ बना सकते हैं.

**वृषभ राशि:** आपका दिन फेवरेबल रहेगा. दाम्पत्य संबंध मधुर होंगे. रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा. कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं. आपको कई नये काम करने के मौके मिलेंगे, जिनमें आप सफल भी होंगे.आप दूसरों की मदद के लिये तैयार रहेंगे

**मिथुन राशि:** किसी नए कार्य की शुरूआत कर सकते हैं, सफलता अवश्य मिलेगी. घर में खुशी का माहौल रहेगा, लेकिन युवकों को सलाह है कि किसी से न उलझे नहीं तो रिश्तों में खटास आ सकती हैं. नौकरी-व्यवसाय में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा.

**कर्क राशि:** दिन व्यस्तता में बीत सकता है. आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं. आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती है. कुछ खास काम आपके अटक सकते हैं. आपकी कोशिशों में कुछ न कुछ कमी आ सकती है.

**सिंह राशि:** आज किस्मत आपके साथ रहने वाली है. कार्यक्षेत्र में आज कुछ नया करने की कोशिश करें. काम धीरे-धीरे ही सही लेकिन पूरा जरुर हो जायेगा. बिजनेस मीटिंग में लोग आपकी बातों को ध्यानपूर्वक सुनेंगें.

**कन्या राशि:** भावनाओं का ज्वार तेजी पर होगा, आपका व्यवहार आस-पास के लोगों को भ्रमित करेगा. अगर आप तुरन्त परिणाम चाहेंगे तो निराशा आपको घेर सकती है. खर्चों पर काबू रखने की कोशिश करें और सिर्फ जरूरी चीजें ही खरीदें.

**तुला राशि :** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा. सभी काम आपके मन-मुताबिक पूरे हो सकते हैं. जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है. एक तरफा सोच आपको परेशानी में डाल सकती है.

**वृश्चिक राशि:** विद्यार्थी, कलाकार और खिलाड़ियों के लिए आज का दिन अच्छा है. पिता तथा सरकार की ओर से लाभ होगा. मनोबल भी दृढ़ रहेगा इसलिए कार्य की सफलता में कोई बाधा नहीं आएगी. फिर भी पाचनतंत्र बिगडने के कारण यदि संभव हो, तो बाहरी खान-पान को टालिएगा.

**धनु राशि:** जो धुंध आपके चारों तरफ छायी हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है. नया आर्थिक करार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ आएगा. पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ेगा, जो आपको तनाव दे सकता है.

**मकर राशि :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा. कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए. आप थोड़े सुस्त हो सकते हैं. संतान के साथ कुछ विवाद होने की संभावना बन रही है. किसी मामले को आपको बातचीत और शांति से सुलझाने की कोशिश करना चाहिए.

**कुंभ राशि:** दिन आराम से बीतेगा. कोई खास काम या चुनौती नहीं होगी. काम के सिलसिले में कहीं जाना भी पड़ सकता है. जितना हो सके, सकारात्मक रहें. आप उन चीजों को लक्ष्य बनाए बैठे हैं, जो अव्यावहारिक हैं. कई स्थितियों में आप नेतृत्वकारी भूमिका में हो सकते हैं.

**मीन राशि:** आज के दिन किए गए दान-पुण्य के काम आपको मानसिक शान्ति और सुकून देंगे. बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है. घर में वाद-विवाद परिवार के सदस्यों के साथ तल्खी की ओर ले जाएगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# विश्वास के संकट से घिरी न्यायपालिका, महाभियोग लाने के लिए सत्ता पक्ष को क्यों विवश किया जा रहा है?

> गुप्त काल (पांचवीं सदी) की प्रशंसा में चीनी यात्री फाान ने लिखा है कि कानून सरल और उदार थे। अपराधों की गुता के आधार पर दंड व्यवस्था है। आखिरकार चूक कहां हो रही है? निचली अदालतों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक मुकदमों का अंबार है ।विचारणीय प्रश्न है कि भ्रष्टाचार में प्रथमदृष्टया लिप्त पाए गए न्यायाधीश के विरुद्ध महाभियोग लाने के लिए सत्ता पक्ष को क्यों विवश किया जा रहा है?

पा भारतीय न्यायपालिका विश्वास के संकट से गुजर रही है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की घटनाओं से जनता के विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इससे पूरी न्याय प्रणाली में विश्वास कम हो सकता है। यह गंभीर बात उन्होंने तब कही है, जब भ्रष्टाचार के मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के विरुद्ध महाभियोग पर सत्ता पक्ष विपक्षी दलों से विचार विमर्श कर रहा है ।केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बीते दिनों कहा था कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को राजनीतिक दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। सरकार न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के महाभियोग प्रस्ताव पर सभी दलों का सहयोग चाहती है। उन्होंने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने भी वर्मा को दोषी ठहराया है। देश में न्यायिक सुधारों की मांग काफी पुरानी है। केंद्र सरकार ने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए एक राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग बनाया था। न्यायिक सुधारों की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम था, पर जजों की नियुक्ति की उस प्रणाली को न्यायपालिका द्वारा निरस्त कर दिया गया था ।कहा गया कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता संविधान का आधारिक लक्षण है। मुख्य न्यायाधीश गवई ने भी कहा है कि वर्तमान कोलेजियम प्रणाली आलोचना से रहित नहीं है, पर इसका समाधान न्यायिक स्वतंत्रता की कीमत पर नहीं हो सकता। न्यायिक स्वतंत्रता की बात ठीक है, संवैधानिक है, पर न्यायपालिका सहित सभी संवैधानिक संस्थाओं द्वारा मयार्दा पालन जरूरी है ।न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचरण के प्रश्न लगातार उठते रहे हैं।



न्यायमूर्तियों के विरुद्ध महाभियोग की कार्रवाई जटिल है। संविधान के अनुच्छेद 124 उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं अनुच्छेद 217 के अनुसार उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पर कार्रवाई के लिए लोकसभा और राज्यसभा के सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है। दोनों सदन के सदस्यों का सामान्य बहुमत और वोट डालने वाले उपस्थित सदस्यों का दो तिहाई बहुमत अनिवार्य है। इसके पूर्व लोकसभाध्यक्ष/सभापति एक जांच समिति गठित करते हैं। इस जांच के बाद कार्रवाई आगे बढ़ती है ।न्यायमूर्ति वी. रामास्वामी के विरुद्ध 1993 में लोकसभा में पहला महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन अपेक्षित बहुमत के अभाव में गिर गया। 2011 में कोलकाता हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सौमित्र सेन ने राज्यसभा द्वारा पारित महाभियोग प्रस्ताव पर त्यागपत्र दे दिया था। 2015 में राज्यसभा के 58 सदस्यों ने गुजरात हाई कोर्ट के न्यायाधीश जे. पारदीवाला के विरुद्ध आरक्षण संबंधी आपत्तिजनक बयान पर महाभियोग का नोटिस दिया था। उसी साल लगभग 50 राज्यसभा सदस्यों ने न्यायमूर्ति एसके गंगेले के विरुद्ध नोटिस दिया था। उन पर जिला जज के यौन उत्पीड़न का आरोप था। जजेज इंक्वायरी एक्ट (1968) के अधीन जांच कमेटी बनाई गई थी। प्रस्ताव पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में निरस्त हो गया। 2017 में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के न्यायमूर्ति सीवी नागार्जुन रेड्डी के विरुद्ध भी राज्यसभा सदस्यों ने महाभियोग प्रस्ताव रखा था। 2018 में विपक्षी दलों ने प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा के विरुद्ध भी महाभियोग के प्रस्ताव का प्रयास किया था। सिक्किम हाई कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश पीडी दिनाकरन के विरुद्ध आए प्रस्ताव पर राज्यसभा के सभापति ने आरोप जांचने के लिए समिति गठित की थी। दिनाकरन ने इसी दौरान त्यागपत्र दे दिया ।भारतीय संविधान के प्रवर्तन के 75 वर्ष के भीतर महाभियोग के सिर्फ पांच प्रस्ताव सिद्ध करते हैं कि महाभियोग प्रक्रिया बहुत जटिल है। संविधान निमार्ताओं ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता अक्षुण्ण रखने के लिए विशेष सुरक्षा कवच उपलब्ध कराए हैं। कायदे से न्यायपालिका को स्वयं अपने तंत्र के भीतर भ्रष्टाचार और लोक शिकायतों की जांच का कोई ढांचा विकसित करना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। संविधान निमार्ता स्वतंत्र न्यायपालिका एवं सबको न्याय की गारंटी चाहते थे ।संविधान सभा में (छह जून, 1949) सी. दास ने कहा था, विश्वास है कि डा. आंबेडकर एवं सदन के अन्य विधि विद्वान ऐसी व्यवस्था करेंगे, जिसमें लोगों को न्याय मिले। सभा में सुप्रीम कोर्ट के कार्य आवंटन पर बहस चल रही थी। दास ने कहा, मेरे मित्र ब्रिटिश प्रणाली के न्याय निर्वचन पर क्यों मुग्ध हैं? प्रस्तावित उपबंधों के अनुसार एक न्यायालय से दूसरे एवं अंत में सर्वोच्च न्यायालय में अपील जाएगी। ऐसी हालत में जनसाधारण को न्याय कैसे मिलेगा? विधिवेत्ता अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने कहा, इंग्लैंड धनी देश है। जनसंख्या चार करोड़ है। हमारी जनसंख्या 30 करोड़ है। यहां गारंटी होनी चाहिए कि हर व्यक्ति को न्याय मिलेगा। न्याय सबकी अभिलाषा थी और है। सभा में एम. थीरुमल राव ने कहा, न्यायालयों का जाल बिछ गया है, लेकिन इन न्यायालयों में वही जा सकते हैं जो संपन्न हैं ।संप्रति न्यायिक प्रक्रिया बहुत महंगी है। संपन्न के लिए सर्वसुलभ है और गरीबों के लिए महादुर्लभ है। यह स्थिति उस देश की है, जहां हजारों वर्ष पहले भी सर्वसुलभ राजव्यवस्था एवं न्यायव्यवस्था थी। ऋग्वेद के रचनाकाल में ग्राम्यवादिन न्याय की छोटी इकाई थी। उत्तर वैदिक काल में न्यायाधीश को स्थपति बताया गया है। बुद्ध काल की न्याय व्यवस्था बहुत लोकप्रिय थी। चंद्रगुप्त मौर्य (320 ईस्वी) के कार्यकाल में ग्राम न्यायालय, जनपद न्यायालय एवं केंद्रीय न्यायालय थे ।गुप्त काल (पांचवीं सदी) की प्रशंसा में चीनी यात्री फाान ने लिखा है कि कानून सरल और उदार थे। अपराधों की गुता के आधार पर दंड व्यवस्था है। आखिरकार चूक कहां हो रही है? निचली अदालतों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक मुकदमों का अंबार है। विचारणीय प्रश्न है कि भ्रष्टाचार में प्रथमदृष्टया लिप्त पाए गए न्यायाधीश के विरुद्ध महाभियोग लाने के लिए सत्ता पक्ष को क्यों विवश किया जा रहा है? ज्यादातर मामलों में उच्च अदालतें यही वाक्य दोहराती हैं कि सरकारें अपना काम नहीं करतीं तो क्या हम चुप बैठें। यहां स्थिति उल्टी है। सरकार अपना पूरा काम करने को तत्पर है और न्यायपालिका मौन है।

# कोरोना वायरस (कोविड-19) जून 2025- कोरोना के आंकड़ों ने चौंकाया-एक्शन में भारत

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश अभी तक कोरोना वायरस (कोविड-19) की महामारी को भूल नहीं पाए है, या यूं कहें कि संभल नहीं पाए हैं,इस बीच कोरोना महामारी के अनेक वेरिएंट आ चुके हैं,लेकिन अभी मई माह में जो फिर से कोरोना वायरस की आहट हुई है यह कोविड -19 तुल्य है,ऐसी जानकारी मीडिया में आ रही है हालांकि इसका प्रकोप भारत में तेजी से बढ़ता जा रहा है स्थिति चिंताजनक होती जा रही है क्योंकि संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में भी 7 जून 2025 तक करीब 6000 केस आ चुके हैं,जिससे शासन प्रशासन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गए हैं, हालांकि सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इस बढ़ते संक्रमण को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं, स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक हाई-लेवल रिव्यू मीटिंग बुलाई थी जिसमें एनसीडीसी, आईसीएमआर, डिसास्टर मैनेजमेंट सेल और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों ने भाग लिया, मीटिंग के बाद अधिकारियों ने बताया कि देश में कोविड की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है ।भारत का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम और आईसीएमआर के नेतृत्व में चल रहे जीनोम सीक्वेंसिंग कार्यक्रम लगातार कोरोना और अन्य श्वसन संक्रमणों पर नजर बनाए हुए हैं। मंत्रालय ने साफ किया है कि फिलहाल यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन सतर्कता जरूरी है। देश की स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी संभावित संक्रमण की लहर से निपटने के लिए तैयार है, बता दे जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन के विश्व स्वास्थ्य सभा के 78 वें सत्र में सभा के सभी सदस्यों की आपसी 3 वर्षों की बातचीत के उपरांतभविष्य की महामारी में मिलकर तैयारी करने का समझौता होगया है, जो रेखांकित करने वाली बात है मेरा मानना है कि अब पूरी दुनियाँ की कोई भी महामारी आ जाए तो अगर पूरा विश्व एक साथ एक दूसरे का सहयोग कर उसका मुकाबला करेगा तो वह कोविड- 19 जैसी किसी भी महामारी का गंभीरता से मुकाबला करेगा तो उस महामारी को मैदान छोड़कर भागना ही पड़ेगा, यह होता है एक और एक 11 की ताकत का सटीक कमाल! चूँकि कोरोना वायरस (कोविड-19) जून 2025- कोरोना के आंकड़ों ने चौंकाया -एक्शन में भारत शासन प्रशासन आम जनता के सहयोग की मजबूत चैन अति आवश्यक है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इसआर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वैश्विक स्तरपर मास्क सैनिटाइजर की फिर आदत फिर डालना,भीड़भाड़ वाली जगह व किसी भी अपवाह या डर का शिकार न होना सभी के लिए प्राथमिकता से अत्यंत ही जरूरी है।




साथियों बात अगर हम कोविड -19 महामारी के भारत में पैर पसारने की करें तो, देशभर में एक बार फिर से कोरोना संक्रमण के मामले तेजी बढ़ने लगे हैं, कई राज्यों में एक्टिव केस की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में नए मरीज सामने आए हैं, शनिवार सुबह तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक्टिव मामलों की संख्या 5755 पहुंच गई है,बीते 24 घंटों में 391 नए मामले सामने आए हैं और चार लोगों की मौत हुई है- जिनमें से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु के लोग शामिल हैं ।महाराष्ट्र में कोरोना के 86 नए पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं, राज्य में इस समय कुल 595 एक्टिव केस हैं, वहीं आज 749 मरीजों ने संक्रमण से पूरी तरह उबर कर रिकवरी दर्ज की है ।उत्तराखंड में आज 3 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई है। राज्य में इस समय केवल 9 सक्रिय केस हैं जबकि आज 17 लोग ठीक हुए हैं, कुल मामलों की संख्या 26 है, जिनमें से 7 प्रवासी मरीज थे और सभी पूरी तरह ठीक हो चुके हैं, पश्चिम बंगाल में वर्तमान में 622 सक्रिय मामले हैं, बीते 24 घंटों में 26 नए केस सामने आए हैं जबकि 88 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे हैं, राज्य में अब तक कोरोना से कोई भी मृत्यु दर्ज नहीं की गई है। हरियाणा में इस समय कुल 102 एक्टिव कोरोना केस हैं, एक दिन पहले तक यह आंकड़ा 87 था, यानी संक्रमण में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, सबसे अधिक मामले गुरुग्राम जिले से सामने आए हैं। गुजरात में कोरोना के 183 नए केस सामने आए हैं, जिससे राज्य में एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 822 हो गई है, इनमें से 793 मरीज होम आइसोलेशन में हैं जबकि 29 का इलाज अस्पतालों में चल रहा है, राहत की बात है कि आज 78 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। कर्नाटक में शनिवार को कोविड से दो और मौतें दर्ज की गईं, जिससे राज्य में इस वर्ष कुल मृतकों की संख्या नौ हो गई है, स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बेंगलुरु के बल्लारी के 46 वर्षीय और बेलगावी के 78 वर्षीय व्यक्ति, जिन्हें गंभीर श्वसन संक्रमण के कारण भर्ती किया गया था, 5 जून को निधन हो गया,दोनों की कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी,शनिवार को राज्य में 57 नए मामले सामने आए, जिससे वर्ष 2025 में अब तक कुल संक्रमितों की संख्या 894 हो गई है। हालांकि भारत में अभी मामलों की संख्या 6000 है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो ट्रेंड दिख रहा है, वह चिंताजनक है। अगर सही समय पर कदम नहीं उठाए गए, तो भारत भी इस नई लहर की चपेट में आ सकता है, विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में टीकाकरण का प्रभाव अब कम होने लगा है,बूस्टर डोज की जरूरत एक बार फिर बढ़ गई है,लेकिन लोग इसमें ढिलाई बरत रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है बच्चों बुजुर्गों, 65 साल से ऊपर के लोगों, और जिनकी इम्युनिटी पहले से कमजोर है, उन्हें यह संक्रमण तेजी से पकड़ सकता है,साथ ही मौसमी बदलाव, सामाजिक मेलजोल और अंतरराष्ट्रीय यात्रा भी इसके प्रसार को बढ़ावा दे रहे हैं अभी हुई बैठक में नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, इमरजेंसी मेडिकल रिलीफ डिवीजन, डिजास्टर मैनेजमेंट सेल, इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञ मौजूद थे आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह निष्कर्ष निकाला गया न कि भारत में कोविड-19 स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। सूत्र ने बताया, देश की बड़ी आबादी को देखते हुए 6000 आंकड़े को हल्के में नहीं रहना चाहिए। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बढ़ते मामलों को देखते हुए व्यापक तैयारी की जाए।।इन घटनाक्रमों के मद्देनजर, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपातकालीन चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञों की समीक्षा बैठक के द्वारा की जा रही है,सरकार और स्वास्थ्य एजेंसियां कोरोना की इन अकड़ों को हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं

# सिमटता पाठ, सिकुड़ते दायरे

विजय गर्ग

आज का युग सूचना और तकनीक का युग है, जहां ज्ञान की पहुंच पहले से कहीं अधिक आसान हो गई है। फिर भी, विडंबना यह है कि समाज में पढ़ने की आदत में लगातार कमी देखी जा रही है। किताबें, जो कभी ज्ञान, प्रेरणा और मनोरंजन का प्रमुख स्रोत थीं, अब धीरे-धीरे डिजिटल स्क्रीन और त्वरित सामग्री के सामने अपनी प्रासंगिकता खोती जा रही हैं ।एक सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिका में केवल 43 फीसद वयस्कों ने पिछले वर्ष में कम से कम एक उपन्यास, कविता संग्रह या नाटक पढ़ा, जो 1980 के दशक की तुलना में काफी कम है। भारत में भी, नेशनल बुक ट्रस्ट के 2020 के एक अध्ययन ने संकेत दिया कि केवल 24 फीसद युवा नियमित रूप से गैर शैक्षणिक किताबें पढ़ते हैं। यह चिंताजनक है, क्योंकि पढ़ना न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है, बल्कि समाज की बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रगति के लिए भी आवश्यक है ।दरअसल, स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म' ने लोगों का ध्यान किताबों से हटाकर त्वरित और दृश्य- आधारित सामग्री की ओर मोड़ दिया है। एक औसत व्यक्ति दिन में लगभग ढाई घंटे सोशल मीडिया पर बिताता है, जैसा कि स्टेटिस्टा (2023) के एक अध्ययन में बताया गया है। जबकि पढ़ने के लिए समय निकालना दुर्लभ हो गया है। सोशल मीडिया और वीडियो मंचों जैसे इंस्टाग्राम और यूट्यूब छोटी, आकर्षक सामग्री प्रदान करते हैं, जो गहन पढ़ने की तुलना में कम मानसिक प्रयास मांगती है। यह त्वरित संतुष्टि का युग पढ़ने जैसे धीमे और विचारशील कार्य को किनारे कर रहा है। शैक्षिक प्रणाली में भी पढ़ने को प्रोत्साहित करने में कमी देखी जा रही है। स्कूलों में पाठ्यपुस्तकों पर ध्यान केंद्रित रहता है और साहित्यिक या रचनात्मक पढ़ने को अक्सर उपेक्षित किया जाता है। आधुनिक जीवनशैली भी पढ़ने की आदत को प्रभावित कर रही है। तेजी से भागती जिंदगी, लंबे काम के घंटे और बढ़ती जिम्मेदारियां लोगों को पढ़ने के लिए समय निकालने से रोकती हैं। शहरी क्षेत्रों में, जहां लोग सुबह से शाम तक व्यस्त रहते हैं, पढ़ना एक विलासिता जैसा प्रतीत होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में, शिक्षा और किताबों तक पहुंच की कमी एक बड़ी बाधा है। पहले परिवारों में बच्चों को कहानियां सुनाने और किताबें पढ़ने की परंपरा थी, लेकिन अब टेलीविजन और स्मार्टफोन ने इस परंपरा को लगभग समाप्त कर दिया है। रिसर्च सेंटर (2021) के एक अध्ययन के अनुसार, केवल 26 फीसद माता-पिता बच्चों को नियमित रूप से किताबें पढ़कर सुनाते हैं, जो 1990 के दशक की तुलना में आधा है ।पढ़ने की आदत में कमी के प्रभाव समाज पर दूरगामी हैं। पढ़ना न केवल भाषा और संचार कौशल को बेहतर बनाता है, बल्कि यह सहानुभूति, आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को भी विकसित करता है। जब लोग कम पढ़ते हैं, तो उनकी शब्दावली सीमित होती है और विचारों को व्यक्त करने की क्षमता कमजोर पड़ती है। एक अध्ययन के मुताबिक, जो बच्चे नियमित रूप से किताबें पढ़ते हैं, उनकी संज्ञानात्मक क्षमता 20 फीसद अधिक होती है। पढ़ने की कमी से समाज में बौद्धिक गहराई और सांस्कृतिक समझ में कमी आ रही है। लोग सोशल मीडिया पर उपलब्ध सतही जानकारी पर निर्भर हो रहे हैं, जिससे गलत सूचना और ध्रुवीकरण बढ़ रहा है। विश्व बैंक (2023) की एक रपट के अनुसार, कम पढ़ने की आदत वाले समाजों में नवाचार और आर्थिक प्रगति की दर भी प्रभावित होती है, क्योंकि पढ़ना समस्या के समाधान और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, पढ़ना तनाव को कम करता है और मन को शांत करता है, लेकिन डिजिटल स्क्रीन पर अत्यधिक समय बिताने से चिंता और अवसाद बढ़ रहे हैं ।सबसे पहले, शैक्षिक प्रणाली में सुधार जरूरी है। स्कूलों को पाठ्यक्रम में साहित्यिक और रचनात्मक पुस्तकों को शामिल करना चाहिए। शिक्षकों को बच्चों में पढ़ने के प्रति उत्साह जगाने के लिए कहानी सत्र, पुस्तक क्लब और लेखक मुलाकात जैसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए।

# मध्य रेलवे को लोकल ट्रेनों में स्वचालित दरवाजे लगाने चाहिए : शरद पवार

पवार ने कहा, यह सर्वविदित है कि लोकल ट्रेनों में बढ़ती भीड़ इसका मुख्य कारण है। ऐसी दुर्घटनाओं के बाद यात्रियों को उनकी मौत के लिए दोषी ठहराना सही नहीं है। मध्य रेलवे प्रशासन को इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को गंभीरता से लेना चाहिए।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

राकांपा (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने लोकल ट्रेन से गिरकर यात्रियों की मौत को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए सोमवार को मध्य रेलवे प्रशासन से अपील की कि वह भीड़भाड़ को देखते हुए लोकल ट्रेनों में स्वचालित दरवाजे लगाने जैसे उपाय लागू करे।महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह एक चलती ट्रेन से गिरकर कम से कम चार यात्रियों की जान चली गई और छह यात्री घायल हो गए। दुर्घटना दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच उस वक्त हुई जब यात्रियों से भरी ट्रेन कसारा जा रही थी। घटना संभवतः भीड़भाड़ वाली दो ट्रेनों के पायदान से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुई क्योंकि ट्रेनें विपरीत दिशाओं से गुजर रही थीं। पवार ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मध्य रेलवे को समयसारणी अच्छी तरह से बनानी चाहिए और उसी के अनुसार महत्वपूर्ण मार्गों पर लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ानी चाहिए। यात्रियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय तुरंत लागू किए जाने चाहिए। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोकल ट्रेनों में स्वचालित दरवाजे लगाने का निर्णय तय समय पर लागू होने की उम्मीद है।उन्होंने कहा, कुछ यात्रियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मैं प्रार्थना करता हूं कि उनके स्वास्थ्य में जल्द ही सुधार हो। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य रेलवे नेटवर्क पर हर दिन औसतन छह से सात यात्रियों की लोकल ट्रेनों से गिरकर मौत हो जाती है।

# लोकक ट्रेन हादसे पर राजनीति शुरू

## कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना, वैष्णव के इस्तीफे की मांग की

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख हर्षवर्धन सपकाल ने ठाणे जिले में हुए लोकल ट्रेन से जुड़े हादसे के लिए सोमवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की। इस हादसे में चार व्यक्तियों की मौत हो गई।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख हर्षवर्धन सपकाल ने ठाणे जिले में हुए लोकल ट्रेन से जुड़े हादसे के लिए सोमवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की। इस हादसे में चार व्यक्तियों की मौत हो गई। कांग्रेस नेता सपकाल ने मृतकों के परिजनों के लिए 25-25 लाख रुपये के मुआवजे की भी मांग की। सुबह के व्यस्त समय में एक चलती और भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक कान्स्टेबल सहित कम से कम चार यात्रियों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। सपकाल ने नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि लोकल ट्रेन दुर्घटना के लिए केंद्र और राज्य सरकारें जिम्मेदार हैं। उन्होंने रेल मंत्री पर सुविधाओं में सुधार को लेकर अनभिज्ञ होने का आरोप लगाया और उनके इस्तीफे की मांग की। सपकाल ने एक्स पर एक पोस्ट में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि पिछले 11 वर्षों से, महाराष्ट्र और मुंबई के लोग बुनियादी ढांचे और मुंबईकरों के लिए यात्रा को सुगम बनाने के बारे में खोखली बातें सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुविधाएं और विकास के नाम पर महाराष्ट्र में ठेके देने और कमीशन लेने का खेल चल रहा है। सपकाल ने कहा कि इस भ्रष्टाचार की कीमत नागरिकों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को जाग जाना चाहिए, कार्यक्रम आयोजित करना बंद करना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए कि मुंबईकरों को लोकल ट्रेन में यात्रा करते समय अपनी जान न गंवानी पड़े।

### प्रवासियों की भीड़ के कारण ध्वस्त हो गया है मुंबई उपनगरीय रेलवे बुनियादी ढांचा: राज ठाकरे


भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरकर चार यात्रियों की मौत होने और नौ अन्य के घायल होने के हादसे के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा कि रेलवे के बुनियादी ढांचे के ध्वस्त होने के लिए अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में प्रवासियों का मुंबई में पलायन जिम्मेदार है। ठाकरे ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए लोकल ट्रेन में स्वचालित दरवाजे की सुविधा दिये जाने की मांग के औचित्य पर भी सवाल उठाया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) अध्यक्ष शरद पवार ने मध्य रेलवे प्रशासन से उपनगरीय ट्रेन में भीड़भाड़ को देखते हुए स्वचालित दरवाजे लगाने जैसे उपाय लागू करने की अपील की है।

फास्ट ट्रैक

# टैक्स बचाने के लिए टोल कर्मचारी पर चढ़ा दिया मिनी ट्रक

महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में एक चौंकाने वाली घटना में, टोल टैक्स से बचने की कोशिश कर रहे एक मिनी ट्रक चालक ने टोल प्लाजा कर्मचारी को कुचल दिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



चंद्रपुरः महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक मिनी ट्रक चालक ने टोल टैक्स से बचने की कोशिश में टोल प्लाजा कर्मचारी को वाहन से कुचल दिया। यह पूरी वारदात टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के तुरंत बाद घायल कर्मचारी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक, उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी घटना के बाद मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं। स्थानीय प्रशासन और टोल प्रबंधन ने इस घटना की निंदा करते हुए चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है, और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।आईसीयू में भर्ती टोल कर्मीइस हमले में घायल कर्मचारी की पहचान 27 वर्षीय संजय अरुण वांझारे के रूप में हुई है, जो कि टोल प्लाजा पर कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर कार्यरत था। उन्हें आईसीयु में भर्ती किया गया है। टोल प्लाजा के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटना साफ तौर पर रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में देखा गया कि कर्मचारी संजय ने वैन को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने सीधे गाड़ी चढ़ा दी। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से साफ पता चल रहा है कि टोल कर्मी पर जानबूझकर गाड़ी चढ़ाई गई है। आरोपी चालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# तैराकी के मोह ने ले ली जान, भुशी डैम में घुसते ही भयानक हादसा, 2 दोस्तों की एक साथ मौत, लोनावाला में मातम

लोनावाला के भुशी डैम में रविवार को एक दुखद घटना घटी। उत्तर प्रदेश से आए दो पर्यटक मोहम्मद जमाल और साहिल असराफ अली शेख पानी में डूब गए। उन्हें तैरना नहीं आता था और पानी का अंदाजा नहीं लगा पाए। पुलिस और रेस्क्यू टीम ने मिलकर उनके शवों को निकाला।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः मानसून शुरू होते ही पर्यटन भी फलने-फूलने लगता है। पर्यटन के लिए आने वाले कई पर्यटक इस दौरान अति उत्साही हो जाते हैं। इस वजह से कुछ भयानक घटनाएं घट जाती हैं। ऐसी ही एक घटना लोनावाला से सामने आई है। भुशी डैम में तैरने के चक्कर में दो युवक डूब गए। बताया गया है कि ये दोनों पर्यटक उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। दोनों के नाम मोहम्मद जमाल और साहिल अशरफ अली शेख था। बताया गया है कि जलस्तर का अंदाजा न लगा पाने के कारण वे डूब गए।कैसे हुई घटना ?जानकारी के मुताबिक, रविवार होने के कारण मोहम्मद जमाल और साहिल अपने दोस्तों के साथ पर्यटन के लिए लोनावाला के भुशी डैम में आए थे। पानी को देखकर वे तैरने का मोह नहीं छोड़ पाए। इसके कारण उनके साथ के सभी लोग तैरने के लिए डैम के पानी में उतर गए। हालांकि, पानी का स्तर न जानने के कारण वे डैम के गहरे पानी में चले गए और डूब गए। उनके साथ के दोस्तों ने शोर मचाया। हालांकि, इसका कोई फायदा नहीं हुआ।दोनों के शव बरामदघटना की सूचना लोनावाला पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस टीम और शिवदुर्ग मित्र लोनावाला रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने इस कठिन परिस्थिति में अद्वितीय साहस का परिचय दिया। इस ऑपरेशन में महेश मसने, सचिन गायकवाड़, कपिल दलवी, योगेश दलवी, दुर्वेश साठे, कुणाल कडू, हर्षल चौधरी, महादेव भवर और राजेंद्र कडू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस घटना में पानी का बहाव तेज होने के कारण बचाव अभियान में दिक्कतें आईं

# मुंबई की सभी लोकल ट्रेनों में लगेंगे ऑटोमेटिक दरवाजे

## ठाणे हादसे के बाद रेलवे बोर्ड का बड़ा फैसला

कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा कि मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी रेकों में स्वचालित दरवाजा बंद करने की सुविधा होगी। सेवा में मौजूद सभी रेकों को फिर से डिजाइन किया जाएगा और मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के इन रेकों में दरवाजा बंद करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार को चलती ट्रेन से कई यात्रियों के गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए, जिसके कुछ घंटों बाद रेलवे बोर्ड ने दो महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की। कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा कि मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी रेकों में स्वचालित दरवाजा बंद करने की सुविधा होगी। सेवा में मौजूद सभी रेकों को फिर से डिजाइन किया जाएगा और मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के इन रेकों में दरवाजा बंद करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।ठाणे के मुमरा स्टेशन पर हुई घटना के बाद सेंट्रल रेलवे ने एक बयान में कहा कि यात्री अत्यधिक भीड़ के कारण लोकल ट्रेन से गिर गए। ट्रेन सीएसएमटी स्टेशन जा रही थी। सेंट्रल रेलवे ने कहा, घटना का कारण ट्रेन में अत्यधिक भीड़ माना जा रहा है। साथ ही कहा कि पुलिस और रेलवे प्रशासन मौके पर मौजूद है। ठाणे जीआरपी की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्चना दुसाने ने बताया कि जब यात्री गिरे, उस समय बगल की पटरी से एक मेल/एक्सप्रेस ट्रेन गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे।महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार की सुबह भीड़ वाली एक चलती ट्रेन से गिरकर कम से कम चार यात्रियों की जान चली गई। यहां पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में छह यात्री घायल हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि घटना दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच उस वक्त हुई जब यात्रियों से भरी ट्रेन कसारा जा रही थी। रेलवे अधिकारियों ने मृतकों की संख्या की पुष्टि किए बिना बताया कि घटना संभवतः भीड़भाड़ वाली दो ट्रेनों के पायदान से लटके यात्रियों और उनके बैग के एक-दूसरे से टकराने के कारण हुई क्योंकि ट्रेनें विपरीत दिशाओं से गुजर रही थीं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घटना पर दुख व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि रेलवे ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि व्यस्त समय के दौरान ट्रेन में अत्यधिक भीड़ थी, कई लोग ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े थे। अधिकारी ने बताया कि चलती ट्रेन से कम से कम 10 यात्री गिर गए। उन्होंने बताया कि कसारा जा रही एक अन्य ट्रेन के गार्ड ने घटना के बारे में रेलवे अधिकारियों को सूचित किया। अधिकारी ने बताया कि ट्रेन से गिरे सभी यात्रियों को कलवा में एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

# अजित पवार मेरे भाई हैं...एनसीपी के स्थापना दिवस से पहले सुप्रिया सुले का बड़ा बयान

महाराष्ट्र में राज ठाकरे-उद्धव ठाकरे के साथ आने की अटकलों के बीच सुप्रिया सुले ने बड़ा बयान दिया है। एनसीपी के स्थापना दिवस समारोह से पहले सुले ने बारामती में अजित पवार पर नरम दिखीं। उन्होंने दोनों पार्टियो के एक होने पर बड़ा इशारा कर दिया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणेः महाराष्ट्र में 'ठाकरे ब्रदर्स' के साथ आने से जहां राजनीति गरमाई हुई है तो वहीं दूसरी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों धड़ों के एक साथ आने की चर्चा भी हो रही है। राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले ठाकरे और पवार परिवार के साथ आने की अटकलों ने बड़ी सियासी हलचल पैदा कर दी है। रविवार को बारामती में सुप्रिया सुले पहली बार अलग अंदाज में दिखीं उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अजित पवार के सवाल सकारात्मक रुख दिखा है। ऐसा तब हुआ है जब एनसीपी के दोनों गुट 10 जून को पुणे में स्थापना दिवस मना रहे हैं। शरद पवार ने कांग्रेस से अलग होकर 10 जून 1999 को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बनाई थी। मंगलवार को पार्टी की स्थापना के 25 साल पूरे होंगे। 2 जुलाई 2023 को अजित पवार अपने चाचा शरद पवार से अलग हुए थे।

### अजित और मैं...भाई बहन हैं

बारामती में रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान उनसे एनसीपी के एक होने पर सवाल पूछा गया है। पत्रकारों ने कहा कि विधायक अमोल मिटकरी के उस बयान के बारे में पूछा जिसमें उन्होंने कहा था कि उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और सांसद सुप्रिया सुले को आषाढी वारी से पहले एक साथ आ जाने चाहिए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि अजित पवार और मैं, दोनों भाई-बहन हैं। अमोल मिटकरी की भावना के लिए मैं उनकी आभारी हूं। सुप्रिया सुले ने एनसीपी के एक होने पर कहा कि राष्ट्रवादी एकीकरण का फैसला शरद पवार लेंगे। पहले ऐसी अटकलें थीं सुप्रिया सुले के विदेश दौरे से लौटने के बाद एनसीपी के एक होने की बात आगे बढ़ेगी। ऐसी अटकलें लंबे समय से लग रही हैं कि सुप्रिया सुले केंद्र में मंत्री बनेगी।

### पवार फैमिली में घटी हैं दूरियां

महाराष्ट्र में अजित पवार की बगावत के बाद पवार फैमिली में दरार आ गई थी लोकसभा चुनावों में अजित पवार की पत्नी और सुप्रिया सुले (भाभी-ननद) के बीच मुकाबला हुआ था। इसमें सुप्रिया जीती थीं। इसके बाद विधानसभा चुनावों में शरद पवार ने भतीजे अजित के सामने युगेन्द्र को उतार दिया था। जो उनके भतीजे हैं। ऐसे में डबल चाचा-भतीजे का मुकाबला हुआ था। इसमें अजित पवार जीते थे। ऐसे में फैमिली फाइट 1-1 से बराबरी पर रही थी। ऐसा माना जा रहा है कि एनसीपी के दोनों खेमों एक हो सकते हैं।

जब ये अटकलें लग रही हैं तब मंगलवार को दोनों दलों के कार्यक्रमों पर सभी की नजरें लगी हुई हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि दोनों गुटों का मर्जर हो ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि किसी ने सरेंडर किया है, सूत्रों की मानें तो शरद पवार और अजित पवार के बीच में रिश्ते काफी ठीक हो चुके हैं।

# 'राहुल गांधी को जनता ने किया खारिज, जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रहे वह', देवेंद्र फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों में हार पर आत्मावलोकन करने के बजाय जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं। क्योंकि जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों में हार पर आत्मावलोकन करने के बजाय जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं। क्योंकि जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है। फडणवीस ने एक न्यूज पेपर में प्रकाशित अपने लेखों में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में होने वाली हार के लिए बहाने तैयार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को अलग-अलग समाचार पत्रों में प्रकाशित एक लेख और एक्स पर किये गए एक पोस्ट में आरोप लगाया था कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था और यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी।

### जनादेश का लगातार अपमान कर रहे राहुल गांधी

सोशल मीडिया मंच एक्स पर किये गए पोस्ट में गांधी ने चुनाव में कथित अनियमितताओं के बारे में चरणबद्ध तरीके से बताया कि कैसे मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा गया, मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया गया, फर्जी मतदान कराया गया और बाद में सबूतों को छिपा दिया गया। निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि अनुकूल परिणाम नहीं मिलने के बाद चुनाव निकाय को बदनाम करना पूरी तरह बेतुका है। गांधी के दावों के जवाब में फडणवीस ने अपने लेख में कहा कि कांग्रेस नेता लोकतांत्रिक प्रक्रिया और लोगों के जनादेश का लगातार अपमान कर रहे हैं। लोगों ने राहुल गांधी को खारिज कर दिया- फडणवीसबीजेपी नेता ने आरोप लगाया कि लोगों ने राहुल गांधी को खारिज कर दिया है और इसके बदले में वह लोगों और उनके जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं।

पश्चिम रेलवे
विद्युत कार्य
वरि. डीईई/टीआरडी/एनएस/मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल-टीआरडी-डब्ल्यू-118-25-26-4, दिनांक : 05.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नामः** पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के अंतर्गत जलगांव के ईएचवी ओ एंड एम डिवीजन में स्थित एमएसईटीसीएल धरणगांव ग्रिड उपकेंद्र से धरणगांव (नया) – टीएसएस के ट्रैक्शन लोड के लिए तथा धुले के ईएचवी ओ एंड एम डिवीजन में स्थित एमएसईटीसीएल नरदाना ग्रिड उपकेंद्र और एमएसईटीसीएल नंदुरबार ग्रिड उपकेंद्र से क्रमशः नरदाना (नया) एवं नंदुरबार (नया) – टीएसएस के ट्रैक्शन लोड के लिए 2 फेज से 3 फेज ईएचवी पावर सप्लाई में रूपांतरण. **विज्ञापित मूल्यः** रु. 45,88,24,386.90. **ईएमडीः** रु. 24,44,100/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 02.07.2025, दोपहर 15:00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 02.07.2025, दोपहर 15:30 बजे. अधिक विवरण हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. 0235
Like us on : facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
सामग्री प्रबंधन विभाग
विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांकः एस/34/2025 दिनांक 05.06.2025

| अ. क्र. | सामग्री का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 286 | डेकोरेटिव थर्मोसेटिंग सिंथेटिक रेजिन बॉन्डेड लैमिनेटेड शीट्स | 7858 नग | 02-जुलाई-25 |
| 287 | आरटीवी सिलिकॉन रबर कंपाउंड | 10303 नग | 02-जुलाई-25 |
| 288 | ईओटी क्रेन | 1 सेट, 1 नग | 04-जुलाई-25 |
| 289 | पंच्ड ग्रिड परमानेंट फील्ड डायवर्टर रेसिस्टेंस (आरपीएस) | 14 नग | 04-जुलाई-25 |
| 290 | नेचुरल और आर्टिफिशियल फाइबर थर्मोसेट कंपोजिट शीट आकार 3048 मिमी x 1524 मिमी x 1.5 मिमी | 2733 नग | 07-जुलाई-25 |
| 291 | डबल एक्टिंग हायड्रॉलिक शॉक एब्जॉर्बर | 1074 नग | 14-जुलाई-25 |
| 292 | एयर ब्रेक होस कपलिंग फॉर फीड पाइप | 15700 नग | 23- जुलाई-25 |
| 293 | नॉन एस्बेस्टॉस आधारित 'K' टाइप उच्च घर्षण कंपोजिट ब्रेक ब्लॉक | 115625 नग | 28-जुलाई-25 |

विस्तृत सूचना, ईएमडी, क्रय प्रतिबंध एवं अन्य निविदा शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं www.wr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें. 0233
Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: x.com/WesternRly

# सगा भाई सच्चा दुश्मन! शिंदे गुट के अशोक धोडी के मर्डर केस में आरोपी भाई गुजरात से अरेस्ट

पालघर के शिवसेना नेता अशोक धोडी के अपहरण और हत्या के बाद करीब पांच महीने से फरार आरोपी उनके भाई अविनाश धोडी को रविवार को तड़के सिलवासा से गिरफ्तार किया गया है। पालघर पुलिस ने बताया कि आरोपी को गुप्त सूचना पर मोरखल से गिरफ्तार किया गया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पालघरः एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना गुट के पदाधिकारी अशोक धोडी केस में बड़ा अपडेट सामने आया है। शिवसेना नेता की हत्या कर फरार हुए मुख्य आरोपी अविनाश धोडी के छोटे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अशोक धोडी की हत्या कर शव को सिंघम फिल्म की तरह सबूत मिटाने के लिए पानी से भरी बंद खदान में फेंक दिया गया था। इस मामले का मुख्य आरोपी अविनाश धोडी पुलिस चौकी से फरार हो गया था और पिछले पांच महीने से पुलिस को चकमा दे रहा था। आखिरकार पुलिस ने आरोपी को सिलवासा के मोरखल से गिरफ्तार कर लिया है।

क्या है मामला ?

शिवसेना शिंदे गुट के पदाधिकारी अशोक धोडी का 19 जनवरी को मुख्य आरोपी अविनाश धोडी और उसके अन्य साथियों ने वेवजी घाट स्थित हिलजील पहाड़ के मोड़ पर अपहरण कर लिया था। अशोक धोडी का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी और सबूत मिटाने के इरादे से शव और कार को गुजरात राज्य के वलसाड जिले के उमरगांव, वाडियापाड़ा में पानी से भरी खदान में फेंक दिया था। इस मामले में पांच आरोपियों को पहले घोलवड पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 140 (3), 140 (1), 142, 351 (2), 3 (5), 61 (2) (ए), 103 (1), 238 (ए) के तहत गिरफ्तार किया गया था

# तुम्हारे प्राइवेट वीडियो लीक कर दूंगा...

महाराष्ट्र पुलिस ने मुंबई के रहने वाले एक ऐसे शख्स को अरेस्ट किया है जो सोशल मीडिया पर प्रेमी बनकर पहले महिलाओं को विश्वास जीतता था फिर उनके साथ संबंध बनाकर उन्हें धोखा देता था।

पश्चिम रेलवे
लगेज कम्पार्टमेंट का सुधार और रूपांतरण
मंडल रेल प्रबंधक (रोलिंग स्टॉक), ईएमयू कारशेड मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे तथा मुंबई 400 034 द्वारा **ई-निविदा क्र. : डीआरएम/आरएस/2025-26/बल्क आरएसपी/01, दि. 02.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम :** मुंबई सेंट्रल और विरार कारशेड में लगेज कम्पार्टमेंट (चर्चगेट छोर से 7वां कोच) का सीमेन्स, बीटी और मेधा ईएमयू रेक्स के वरिष्ठ नागरिक कम्पार्टमेंट में सुधार और रूपांतरण. **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 5,14,35,020/-. **ईएमडी :** रु. 4,07,200/-. **जमा करने की तिथि एवं समय :** 03.07.2025 को 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय :** 03.07.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0232
Like us on : facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
मरम्मत कार्य
मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, अभियांत्रिकी विभाग, मुंबई सेंट्रल-मुंबई-400008 द्वारा निम्नलिखित निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. **अ.क्र. : 1. ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी-25-26/85, दिनांक : 05.06.2025. कार्य एवं स्थान : विरार-जोरावासन अनुभाग :** एडीईएन/दहाणू रोड के क्षेत्राधिकार अंतर्गत सामान्य मरम्मत. कार्य की **अनुमानित लागत :** रु. 1,49,55,424.14. **ईएमडी :** रु. 2,24,800/-. **अ.क्र. : 2. ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/86, दिनांक : 05.06.2025. कार्य एवं स्थान : विरार – जोरावासन अनुभाग :** मंजूर ड्रेनेज सुधार कार्यों के संबंध में एडीईएन/दहाणू रोड अनुभाग अंतर्गत मानसून के दौरान जलजमाव से बचाव हेतु विभिन्न एलसी के बदले में आरयूबी का ड्रेनेज सुधार. कार्य की **अनुमानित लागत :** रु. 4,59,08,653.85. **ईएमडी :** रु. 3,79,600/-. **दोनों निविदाएं जमा करने की तिथि एवं समय :** 04.07.2025, 15.00 बजे तक. **दोनों निविदाएं खुलने की तिथि एवं समय :** 04.07.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0234
Like us on : facebook.com/WesternRly

बृहन्मुंबई महानगरपालिका
विभाग : जल अभियंता का विभाग
क्र.: ई.ई.(एम.) एम.डब्ल्यू./1308/मेंटे. दिनांकः 09.06.2025
ई-निविदा सूचना
बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा पात्र बोलीकर्ताओं से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली आरंभ होने की दिनांक व समय तथा बोली समाप्ति की दिनांक व समय बीएमसी की वेबसाइट के निविदा अनुभाग एवं महाटेंडर पोर्टल पर विस्तृत निविदा सूचना में दर्शाई गई हैं.

| क्र. सं. | बोली क्र. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 2025_एमसीजीएम_1187363_1 | 'ई' वॉर्ड में आवश्यकता अनुसार दैनिक अनुरक्षण कार्य हेतु विभिन्न उपकरणों की आपूर्ति. (**निविदा जारी करने एवं बिक्री की तिथि** – 10.06.2025) |

इच्छुक निविदाकार अधिक जानकारी हेतु बीएमसी की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in एवं महाटेंडर पोर्टल वेबसाइट http://mahatenders.gov.in पर अवलोकन करें.
हस्ता./-
ई.ई. (एम.) एम.डब्ल्यू.
पीआरओ/611/विज्ञा./2025-26
जलजन्य बीमारियों से बचाव के लिये पानी उबालकर और छानकर पियें.

# वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र में एम .ए. के छात्रों के लिए नेट, सेट और पीएचडी मार्गदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, यशवंतराव चौहान महाराष्ट्र ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित केएमई सोसायटीज जी. एम.मोमिन वीमेंस कालेज अध्ययन केंद्र में एम. ए.(उर्दू) भिवंडी के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET), राज्य पात्रता परीक्षा (SET), और पीएचडी (Ph.D.) के महत्व, वर्तमान स्थिति में उनकी आवश्यकता और कैरियर के अवसर आदि के संबंध में मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्टडी सेंटर के संयोजक अब्दुल अजीज अंसारी ने मार्गदर्शन व्याख्यान की आवश्यकता और उद्देश्य पर प्रकाश डाला और मुख्य वक्ता करियर काउंसलर फहीम अब्दुल बारी मोमिन का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। मोमिन फहीम अहमद अब्दुल बारी मोमिन ने उक्त परीक्षाओं के पैटर्न, प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता, तैयारी कैसे करें, भविष्य में कैरियर के अवसरों आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उपस्थित विद्यार्थियों ने अपनी रुचि दिखाई तथा इस संबंध में कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिसका विशिष्ट वक्ता ने व्याख्यात्मक उत्तर दिया। अध्ययन केंद्र के छात्र मुफ्ती अशरफ ने मार्गदर्शन व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी बताते हुए फहीम मोमिन सर के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सफलता में अध्ययन केंद्र के अध्यापकों और सदस्यों का विशेष सहयोग शामिल रहा।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी ने रेलवे दुर्घटनाएं रोकने के लिए दिए पांच सुझाव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी ने रेलवे प्रशासन को भीड़भाड़ के समय होने वाली रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पांच सुझाव दिए हैं। राकांपा नेता विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष सुहास देसाई ने इस संबंध में रेलवे प्रशासन को एक पत्र दिया है।आज मुंब्रा और दिवा स्टेशनों के बीच एक दुर्भाग्यपूर्ण रेल दुर्घटना हुई जिसमें 5 यात्रियों की जान चली गई और कई घायल हो गए। यह घटना बहुत गंभीर है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल और स्थायी उपाय करना बहुत जरूरी है। इसके लिए ये सुझाव देने की जानकारी सुहास देसाई ने दी है।राष्ट्रवादी कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी द्वारा दिए गए पत्र में कहा गया है कि भीड़ प्रबंधन और नियंत्रण बहुत जरूरी है। स्थानीय ट्रेन के फेरों की संख्या तुरंत बढ़ाई जानी चाहिए, खासकर सुबह और शाम के भीड़भाड़ वाले घंटों में; रेलवे के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर (जैसे 139) का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, ताकि यात्री जरूरत पड़ने पर मदद ले सकें।रेलवे स्टेशनों, खासकर प्रवेश द्वारों और प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों की भीड़ को ठीक से नियंत्रित करने के लिए अधिक रेलवे पुलिस या सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जाना चाहिए; बुनियादी ढांचे को उपलब्ध कराकर और तकनीक का उचित उपयोग करके, स्टेशनों पर घोषणा प्रणाली में आवश्यक बदलाव किए जाने चाहिए और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और सुरक्षित यात्रा नियमों के बारे में बार-बार घोषणाएं की जानी चाहिए। लिफ्टों और एस्केलेटरों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाना चाहिए कि वे ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं; रेलवे सिग्नलिंग प्रणाली को और अधिक आधुनिक और त्रुटि-मुक्त बनाने के लिए निवेश किया जाना चाहिए। संभावित खतरों की पहचान करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए। प्रणाली का नियमित तकनीकी निरीक्षण और रखरखाव भी आवश्यक है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि लोकल ट्रेनों, पटरियों और सिग्नलिंग प्रणालियों का नियमित और कठोर निरीक्षण और रखरखाव किया जाए। किसी भी तकनीकी खराबी को तुरंत ठीक किया जाना चाहिए।ट्रेनों में ब्लैक बॉक्स सिस्टम (जैसा कि एयरलाइंस में होता है) लगाने पर विचार किया जाना चाहिए, जो दुर्घटनाओं के सटीक कारणों का पता लगाने और भविष्य में दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करेगा; दिवा, मुंब्रा, कलवा और ठाणे रेलवे स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दिवा टर्मिनेटिंग लोकल को दिवा के होम प्लेटफॉर्म से शुरू करने का सुझाव दिया गया है।सुहास देसाई के नेतृत्व में संजीव दत्ता, संतोष नागले, राहुल भालेराव, समाधान साल्वे, साहिल उदगड़े आदि का एक प्रतिनिधिमंडल ने रेलवे प्रबंधक केशव तावड़े को पत्र सौंपा है।

फास्ट ट्रैक

## अवैध दीवार से बंद किया खेत का रास्ता

### एसडीएम के आदेश पर प्रशासन ने जेसीबी से तोड़ी दीवार, मालिक करेगा कोर्ट में अपील



शाहजहांपुर, जलालाबाद में 12 पत्थर रोड पर एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। मोहम्मद आजम ने खेतों के अंदर जाने वाले रास्ते को दीवार बनाकर बंद कर दिया था। एसडीएम कोर्ट जलालाबाद ने धारा 133 के तहत सुनवाई की। उन्होंने रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। सोमवार को नायब तहसीलदार रोहित कटिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जेसीबी मशीन की मदद से अवैध दीवार को तोड़कर रास्ता खोल दिया गया।इस कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। खेत मालिक का दावा है कि यह उनकी निजी जमीन है। उनका कहना है कि उनकी जमीन से जबरन रास्ता निकाला जा रहा है।वह इस मामले में न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

## किशोरी प्रेमी संग हुई फरार

### घर से उड़ाए शादी के गहने और 50 हजार नकद, खेत में बटाई करने वाला युवक ले गया




शाहजहांपुर, कलान थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को पड़ोसी गांव का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत की है। शिकायत के अनुसार, शनिवार की रात लड़की अपने परिजनों के साथ छत पर सो रही थी। ।जांच में पता चला कि सरफरा गांव का एक युवक उसे अपने साथ ले गया है।पीड़ित के अनुसार, आरोपी युवक उनके खेत में बटाई पर काम करता था।इसी वजह से उसका घर पर आना-जाना था। लड़की अपने साथ पीड़ित के बेटे की शादी के लाखों रुपए के गहने और 50 हजार रुपए नकद भी ले गई है।पीड़ित ने बताया कि बेटे की शादी की पहली विदाई भी हो चुकी है।पीड़ित पिता ने थाना प्रभारी से अपनी नाबालिग बेटी को बरामद करने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## गैस सिलेंडर से लगी आग में झोपड़ी जली

### मकान मालिक के लाखों की नकदी, जेवर और घरेलू सामान जलकर राख

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर के परौर क्षेत्र के गांव आश्रम में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से लीक हुई गैस के कारण झोपड़ी में आग लग गई। घटना के समय मकान मालिक नफीस अहमद बरेली गए हुए थे। उनके भाई मोहम्मद उमर ने बताया कि घर में मकान बनवाने के लिए 1 लाख 40 हजार रुपए रखे थे। आग में यह पूरी रकम जल गई। साथ ही सोने-चांदी के जेवर भी आग की भेंट चढ़ गए। मोहल्ले के लोगों ने झोपड़ी के अंदर सो रहे बच्चों को बचाया। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक झोपड़ी पूरी तरह जल चुकी थी।ग्रामीणों ने मुश्किल से आग पर काबू पाया। डायल 112 को सूचना दी गई।

# दिवा से सीएसएमटी तक फास्ट लोकल शुरू करें

## सीएसएमटी तक पांचवीं और छठी लाइन को जल्द से जल्द चालू करें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, लोकल में भीड़भाड़ कम करने और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने रेलवे प्रशासन से दिवा से सीएसएमटी तक फास्ट लोकल शुरू करने का अनुरोध किया है। उन्होंने सोमवार सुबह मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर हुई लोकल दुर्घटना में घायलों का हालचाल जानने के लिए कलवा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल गए थे।उस समय वे पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और सांसद डॉ. शिंदे ने इस अवसर पर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।सांसद डॉ. शिंदे ने बताया कि दुर्घटना में शामिल 10 लोगों को कलवा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती होने से पहले ही एक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायलों को जुपिटर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सात घायल मरीजों का खतरा टल गया है और इस दुर्घटना में अब तक कुल पांच लोगों की मौत हुई है, यह सांसद डॉ. शिंदे ने बताया। मुंब्रा स्टेशन के पास एक मोड़ है जहां से अप लोकल और डाउन लोकल गुजर रही थी, तब दोनों लोकल में सवार कुछ लोग नीचे गिर गए और कुछ ट्रेन के अंदर गिर गए। सांसद डॉ. शिंदे ने कहा कि कल्याण-कर्जत क्षेत्र में बड़ी संख्या में नागरिक रहते हैं। इसलिए इस मार्ग पर लोकल ट्रेनों को बढ़ाना जरूरी है। लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के लिए यात्री संगठनों की ओर से लगातार मांग की जा रही है। ठाणे-कल्याण पांचवीं और छठी लाइन शुरू होने के बाद लोकल ट्रेनों की संख्या कुछ हद तक बढ़ी है, लेकिन पांचवीं और छठी लाइन को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस तक बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए रेलवे प्रशासन काम कर रहा है। यह काम पूरा होने पर लोकल ट्रेनों की संख्या में और वृद्धि होगी, ऐसा सांसद डॉ. शिंदे ने कहा है।

कल्याण से आगे तीसरी और चौथी लाइन बनाने का काम चल रहा है और इसके लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है।जब लोकल ट्रेनें बढ़ेंगी, तो भीड़ को नियंत्रित करना आसान होगा। नई लाइनें बढ़ाने के साथ-साथ 12 डिब्बे वाली लोकल को 15 डिब्बे वाली करना भी उतना ही जरूरी है। दिवा से सीएसएमटी तक फास्ट लोकल शुरू करने की रेल यात्रियों की मांग है, सांसद डॉ. शिंदे ने आश्वासन दिया कि इस मांग को केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। पहले फास्ट लोकल दिवा में नहीं रुकती थी, लेकिन अब फास्ट लोकल दिवा में रुकती है, ऐसा सांसद डॉ. शिंदे ने कहा है।

# अंबरनाथ में रविवार को निःशुल्क अस्थमा ट्रीटमेंट कैंप का भव्य आयोजन किया गया

**पूर्व नगराध्यक्ष भाजपा नेता गुलाबराव करुंजले पाटिल के जन्मदिन के उपलक्ष में कैंप का आयोजन।**

**कैंप में 7500 से अधिक अस्थमा के मरीजों ने हैदराबाद की विश्वप्रसिद्ध आयुर्वेदिक दवा का सेवन किया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अंबरनाथ.पूर्व नगराध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाबराव करुंजले पाटिल के जन्मदिन के उपलक्ष में 172 वर्ष पुराने हैदराबाद के विश्वप्रसिद्ध अस्थमा के आयुर्वेदिक इलाज का आठवां निःशुल्क अस्थमा ट्रीटमेंट कैंप का भव्य आयोजन किया अंबरनाथ पूर्व के भाजपा अध्यक्ष विश्वजीत करंजुले पाटिल तथा भाजपा कल्याण जिला महासचिव अभिजीत करुंजले पाटिल की उपस्थिति में रविवार 8 जून दोपहर 1 बजे से अंबरनाथ पूर्व स्थित स्वानंद हॉल में गुलाबराव करुंजले पाटिल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। विगत 7 वर्षों से आयोजित किए जा रहे इस कैंप से लगभग 34700 मरीजों ने अस्थमा के इस हैदराबादी आयुर्वेदिक इलाज से लाभ उठाया है। इस कैंप के जरिए जड़ी बूटी से विभिन्न बीमारियों जैसे अस्थमा, दमा, फेंफड़ों संबंधी बीमारियों, उदर रोग, गैस्ट्रिक, न्यूमोनिया, स्त्री पुरुष सम्बन्धी विभिन्न रोगों में लाभ प्राप्त होता है। रविवार को आयोजित इस निःशुल्क कैंप में लगभग 7500 से अधिक लोगों ने अस्थमा की दवाओं का सेवन करके लाभ उठाया।

गुलाबराव करुंजले पाटिल ने इस शिविर के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गुलाबराव करुंजले पाटिल प्रतिष्ठान की तरफ से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अस्थमा और दमा के निःशुल्क इलाज के लिए हैदराबाद के विश्वप्रसिद्ध आयुर्वेदिक इलाज करने वाली विशिष्ट टीम को अंबरनाथ बुलाया है ताकि यहां के लोग अपनी इस बीमारी का इलाज यहीं पर निःशुल्क करा सके। अंबरनाथ के आम लोगों को हैदराबाद जाकर इलाज कराना इतना आसान नहीं है। अस्थमा के मरीज को कितनी तकलीफ होती है इसका अहसास हम सभी को है। इस शिविर में इतने भारी संख्या में लोगों को लाभ प्राप्त करते हुए देखकर हमलोगों को विशेष खुशी होती है कि आम अंबरनाथकरों की सेवा करने में हम सफल हो रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व नगराध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाबराव करुंजले पाटिल, कल्याण भाजपा जिला सचिव अभिजीत करुंजले पाटिल, शिवसेना उपशहर प्रमुख पुरुषोत्तम उगले, अंबरनाथ पूर्व मंडल के अध्यक्ष विश्वजीत करंजुले पाटिल, पश्चिम मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मण पंत, अंबरनाथ व्यापारी संघ के अध्यक्ष खानजी धल, दिलीप कणसे, दीपक कोतेकर, महेश मोरे, श्रीकांत रेड्डी, पूर्व नगरसेवक लालमन यादव, ईश्वर गुंजाल, सुनीता लयाल, सुरेखा शाह, रीना मोरे आदि अन्य अनेक नेता और कार्यकताओं के साथ सैकड़ों की संख्या लाभार्थी थे।

# पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से मुंब्रा में देशभक्ति और हिंदू-मुस्लिम एकता की गूंज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, राष्ट्रवादी छात्र कांग्रेस-शरद चंद्र पवार पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मरजिया शानू पठान ने एमएसपी केयर फाउंडेशन और सुल्ताना वेलफेयर ट्रस्ट के माध्यम से पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया है। यह प्रतियोगिता कक्षा 1 से 10वीं सहित सामान्य समूह के लिए है और लगभग दस हजार छात्र भारतीय सेना और हिंदू-मुस्लिम एकता जैसे दो महत्वपूर्ण विषयों पर अपने कैनवास पर पेंटिंग कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार को डॉ. जितेंद्र आव्हाड की प्रमुख उपस्थिति में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में पहली से दसवीं और सामान्य तक छह अलग-अलग समूहों में 2,22,222 रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे।इस प्रतियोगिता के लिए महत्वपूर्ण विषय भारतीय त्योहार, भारतीय सुपरहीरो, हिंदू-मुस्लिम एकता और भारतीय सेना (सोफिया कुरैशी-व्योमिका सिंह) हैं। यह प्रतियोगिता आज 9 जून को अमृत नगर, दरगाह रोड, मुंब्रा में एक भव्य समारोह में शुरू हुई जिसमें लगभग 10,000 प्रतिभागियों ने इस चित्रकला प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी दर्ज की है ऐसा मरजिया पठान ने बताया है।इस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार 10 जून को होगा।प्रत्येक समूह में प्रथम पुरस्कार 11,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 5,000 रुपये और 77 लोगों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1,000 रुपये दिए जाएंगे।

# चंद्रेश्वरनाथ धाम के जीर्णोद्धार हेतु अरूण सिंह (राजू) का सहयोग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ,देल्हूपुर थाना क्षेत्र के चंघईपुर में लगभग 400 वर्ष पुराने शिव मंदिर में क्षेत्रीय कार्यकताओं द्वारा मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य तेजी से चल रहा है। जिला पंचायत सदस्य भावी प्रत्याशी एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) मंदिर प्रांगण में पहुँचे और एक टाली रेत व 10 बोरी सीमेंट का सहयोग किया। उन्होंने कहा अगर आप लोगों ने मौका दिया तो आगे और भी सहयोग होता रहेगा। मंदिर के कार्यकताओं ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य केशव गिरि, भाजपा बूथ अध्यक्ष मुकेश गिरि, पुरुषोत्तम गिरि, राजू दूबे फौजी, उदित गिरि एडवोकेट, सुशील मिश्रा, गुलाब गिरि, पंकज विश्वकर्मा, डॉ सोनू विश्वकर्मा, आदर्श गिरि, विजय मिश्रा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) भावल पुर ग्राम सभा के पूर्व प्रधान है और समाजिक, धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता कर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। एडवोकेट अरुण सिंह (राजू) ने मंदिर के जीर्णोद्धार में व्यस्त लोगों की सराहना करते हुए कहा कि सभी लोगों का भरपूर सहयोग और साथ मिल रहा है। जिससे चंघई पुर क्षेत्र में सनातन संस्कृति को मजबूती मिलेगी।

# जॉय सामाजिक संस्था का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम और राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न।

**अहीरा के गवर्नर अजय श्रीनिवास राव चिरिवेल्ला को आदर्श संपादक पुरस्कार प्रदान किया गया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. जॉय सामाजिक संस्था ने अपने दसवें वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार 7 जून को मुंबई के अस्मिता भवन में रंगारंग वार्षिकोत्सव कार्यक्रम और स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। उक्त कार्यक्रम में संस्था ने सामाजिक, शैक्षणिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों को राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता जोगेश्वरी भूषण डॉ.एमडी वलुंज और कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में श्रमिक नेता अविनाश दौड़, हाइकोर्ट के अधिवक्ता जगदीश जयले, एडवोकेट सुशीला रेबेलो, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र घरट, सत्येंद्र सामंत और डॉ.महेश अभ्यंकर उपस्थित रहे। जॉय संस्था के संस्थापक गणेश हिरवे ने सभी का परिचय प्रदान किया और कार्यक्रम का सफल संचालन नवी मुंबई समन्वयक वैभव पाटिल और कार्यकारी अध्यक्ष असुंता डिसूजा ने किया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जॉय सामाजिक संस्था ने अपने कार्यक्रम के जरिए 150 व्यक्तियों और संगठनों, संस्थाओं को आदर्श पत्रकार, आदर्श शिक्षक, आदर्श संपादक, आदर्श प्रिंसिपल, आदर्श विद्यालय, आदर्श मां, आदर्श गृहिणी आदि क्षेत्रों में राज्य स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित किया। आदर्श संपादक के पुरस्कार के रूप में अंबरनाथ निवासी ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन के महाराष्ट्र प्रभाग के गवर्नर अजय श्रीनिवासराव चिरीवेल्ला को चुना गया। उन्हें प्रशस्तिपत्र और शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। संस्था का मानना है कि अजय श्रीनिवास चिरीवेल्ला अपनी पत्रकारिता और मानवाधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके समाज के शोषितों, वंचितों और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। जॉय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष गणेश हिरवे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों, संस्था के पदाधिकारियों, दानदाताओं, पुरस्कार विजेताओं और कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुंब्रा-दिवा लोकल ट्रेन हादसे ने ली उल्हासनगर के केतन सरोज की जान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. मुंब्रा और दीवा स्टेशनों के बीच सोमवार 9 जून की सुबह 9 बजे के आसपास विपरीत दिशा से आने वाली कसारा सीएसटीएम लोकल ट्रेन और पुष्पक एक्सप्रेस समानांतर पटरियों पर चलने वाली दोनों ट्रेनों के फुटबोर्ड पर खड़े होकर सफर करने वाले यात्रियों के आपस में रगड़ खाने से हुई। जानकारी के अनुसार इस हादसे में 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। इस हादसे का शिकार उल्हासनगर के हनुमान नगर में रहने वाले 22 वर्षीय युवा केतन सरोज भी हो गए। केतन ने सोमवार की सुबह शहाड़ स्टेशन से कसारा सीएसटीएम लोकल ट्रेन में सवार हुए थे। केतन ने बीकॉम की शिक्षा ग्रहण की थी और वो मुंबई स्थित निजी कंपनी में काम करते थे। वे अपने परिवार के सबसे बड़े लड़के थे और उनके कंधों पर ही परिवार की जिम्मेदारी थी। उनकी अकाल मौत से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया। उनके पिता दिलीप सरोज वायरमैन का कार्य करते है। परिवार पर दुख का पहाड़ टूट गया। केतन के पारिवारिक सदस्यों और मुहल्ले के लोगों में दुख और निराशा का माहौल व्याप्त है।

# चार पीढ़ियों से बसे गरीब परिवारों को विस्थापन का नोटिस

## मिर्जापुर में सिंचाई विभाग की कार्रवाई, सपा ने जिला प्रशासन से मांगा न्याय

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, कोटवां पाण्डेय क्षेत्र के सैकड़ों वर्षों से रह रहे गरीब, दलित और आदिवासी परिवारों को सिंचाई विभाग ने विस्थापन का नोटिस जारी किया है। इस मामले में सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सपा कार्यालय लोहिया ट्रस्ट से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कई अन्य समस्याओं को भी उठाया गया। हर घर नल योजना के तहत हलिया, लालगंज, राजगढ़, पटेहरा, छानबे, पहाड़ी, सिटी, कोन और नरायनपुर में खोदी गई सड़कों की मरम्मत की मांग की गई। साथ ही मड़िहान, राजगढ़, हलिया और लालगंज विकास खंड क्षेत्र की बस्तियों में पेयजल व्यवस्था की मांग भी रखी गई। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने चेतावनी दी कि अगर समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो पार्टी आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में आदर्श यादव, कौशिक कनौजिया, वंदना गुप्ता, अरशद अली समेत कई कार्यकर्ता और महिलाएं शामिल रहीं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में मिले 342 शिकायती पत्र



**मिर्जापुर में 37 का हुआ निस्तारण, गलत वरासत दर्ज करने वाले लेखपाल को नोटिस**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिले भर से कुल 342 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 37 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एसएसपी सोमेन बर्मा और सीडीओ विशाल कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी के समक्ष आए 93 प्रार्थना पत्रों में से 21 का तत्काल समाधान किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों को बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। अधिकतर शिकायतें निजी भूमि से जुड़ी थीं। इसके लिए कानूनगो और लेखपालों की टीम बनाकर पैमाइश का आदेश दिया गया। बिरोही के लेखपाल सच्चिदानंद जायसवाल को गलत वरासत दर्ज करने के मामले में शो-कॉज नोटिस जारी कर मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया।


## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# अमेरिका हिंसा- मास्क पहनने वालों की तुरंत गिरफ्तारी का आदेश

## आगजनी-तोड़फोड़ पर ट्रम्प बोले- लॉस एंजिल्स पर अप्रवासियों का कब्जा, आजाद कराएंगे

एजेंसी

लॉस एंजिल्स, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने लॉस एंजिल्स में हो रहे प्रदर्शनों को रोकने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को आदेश दिया है कि जो लोग प्रदर्शन के दौरान मास्क पहन रहे हैं, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि अब से किसी भी प्रदर्शन में मास्क पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमेरिका के लॉस एंजिल्स शहर में सरकार की आव्रजन नीतियों के खिलाफ 3 दिन से हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। उपद्रवियों ने पूरे शहर में कई सड़कों पर आगजनी की है। इस दौरान सैकड़ों गाड़ियों को आग के हवाले किया है। कई प्रदर्शनकारी अमेरिकी झंडे पर थूकते और जलाते भी नजर आए। प्रदर्शनकारी मास्क पहनकर सड़कों पर उतर रहे हैं ताकि वे सुरक्षा कैमरों से बच सकें। ट्रम्प ने लॉस एंजिल्स में फैली हिंसा और तोड़फोड़ के बाद वहां तैनात किए गए नेशनल गार्ड के जवानों की तारीफ भी की है। ये




जवान आमतौर पर राज्य के गवर्नरों के आदेश पर बुलाए जाते हैं, लेकिन इस बार ट्रम्प ने खुद उनकी तैनाती कर दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि शहर पर अवैध प्रवासियों का कब्जा है, इसे जल्द आजाद कराया जाएगा। उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर एक्शन लेने की बात भी कही है। विरोध प्रदर्शनों को कवर कर रही ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार लॉरेन टोमासी पर पुलिस ने रबर बुलेट फायर कर दी। यह घटना रविवार को उस समय हुई जब नाइन न्यूज की पत्रकार लॉरेन टोमासी लाइव रिपोर्टिंग कर रही थीं। वायरल हुए वीडियो में दिखा कि रबर बुलेट उनकी टांग में लगी लॉरेन ने कहा- कई घंटों की तनातनी के बाद स्थिति अब तेजी से बिगड़ गई है। लॉस एंजिल्स पुलिस घोड़ों पर सवार होकर प्रदर्शनकारियों पर रबर बुलेट दाग रही है और उन्हें शहर के सेंटर से हटा रही है। इस दौरान पीछे से एक पुलिस अधिकारी की आवाज आई, जो कह रहा था कि तुमने अभी पत्रकार को गोली मारी। किसी ने लॉरेन से पूछा कि क्या वह ठीक हैं, तो उन्होंने जवाब दिया- मैं ठीक हूं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने लॉस एंजिल्स में हालात को काबू करने के लिए 2000 नेशनल गार्ड्स को भेजा है। हालांकि, कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और लॉस एंजिल्स की मेयर कैरेन बैस ने नेशनल गार्ड्स भेजने का विरोध किया है। यह पहला मौका है जब किसी राज्य की नेशनल गार्ड को बिना गवर्नर की अनुमति के भेजा गया। लॉस एंजिल्स में 6-7 जून को सरकार ने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ एक अभियान चलाया गया था। इसी का विरोध हो रहा है। छापेमारी राष्ट्रपति ट्रम्प की डिपोर्टेशन पॉलिसी का हिस्सा है।


इससे पहले भारतीय समयानुसार रविवार सुबह भी प्रदर्शन हुए थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर और पटाखे चलाए। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों और इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इन्फोर्समेंट (आईसीई) पर आंसू गैस और पैट्रोल बम दागे। कई सरकारी इमारतों और गाड़ियों पर स्प्रे-पेंट से नारे लिखे, एक स्ट्रिप मॉल में आग लगा दी और कई दुकानों में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने मेक्सिको का झंडा लेकर आईसीई लॉस एंजिल्स से बाहर जाओ जैसे नारे भी लगाए। इसके बाद 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया। ट्रम्प की डिपोर्टेशन पॉलिसी के तहत आईसीई को हर दिन बिना दस्तावेज वाले 3000 आप्रवासियों को रिकॉर्ड संख्या में गिरफ्तार और डिपोर्ट करने का लक्ष्य है।

# तीन साल में यूक्रेन के लिए सबसे डरावनी रात

## एक साथ पुतिन ने 479 ड्रोन दाग दिए

एजेंसी

युद्ध की शुरूआत के बाद से अब तक के सबसे बड़े हवाई हमले में रूस ने यूक्रेन पर रात भर में 479 ड्रोन और 20 मिसाइलें दागीं, यूक्रेनी वायु सेना ने सोमवार को कहा। मॉस्को के ग्रीष्मकालीन आक्रमण के ताजा विस्तार में ये हमले मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों को निशाना बनाकर किए गए। बताया गया कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को मार गिराया। वायु सेना के एक बयान में दावा किया गया कि केवल 10 ड्रोन या मिसाइलों ने ही अपने लक्ष्य को हिट किया। हालांकि, इस दावे की




पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है। रूस का दावा है कि उसने केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। वायु सेना के अनुसार यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणालियों ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को रोका। केवल 10 प्रोजेक्टाइल अपने

> वायु सेना के अनुसार यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणालियों ने 277 ड्रोन और 19 मिसाइलों को रोका। केवल 10 प्रोजेक्टाइल अपने लक्षित लक्ष्यों पर लगे, जबकि एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली।

लक्षित लक्ष्यों पर लगे, जबकि एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली। इन आँकड़ों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। हमलों की यह लहर ऐसे समय में आई है जब यूक्रेन को अपनी 1,000 किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति पर बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है, खासकर पूर्वी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों में। राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार रात स्वीकार किया कि कुछ क्षेत्रों में युद्ध के मैदान की स्थिति बहुत कठिन है। क्रेमलिन ने यूक्रेन द्वारा हाल ही में रूसी क्षेत्र के अंदर हवाई ठिकानों पर ड्रोन हमले के बाद अपने हमलों को तेज कर दिया है। जवाब में, रूस ने रिव्ने में डबनो एयर बेस पर हमले सहित यूक्रेनी सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमले शुरू किए हैं। यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि विशेष अभियान बलों ने रूस के निजनी नोवगोरोड क्षेत्र में सवासलेका हवाई क्षेत्र में दो रूसी लड़ाकू विमानों को मार गिराया। रूसी सरकार ने इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# इजराइल ने ग्रेटा थनबर्ग के जहाज को कब्जे में लिया

## हिरासत में लिए गए सभी कार्यकर्ता, इजराइली सेना इन्हें हमास हमले का वीडियो दिखाएगी

एजेंसी

तेल अवीव, इजराइल ने स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता और नोबेल पीस प्राइज विजेता ग्रेटा थनबर्ग और उनके जहाज को कब्जे में ले लिया है। सोमवार तड़के इजराइल की 5 स्पीड बोट्स ने जहाज को घेर लिया। इसके बाद सैनिकों ने जहाज पर चढ़कर उसे अपने कंट्रोल में ले लिया। यह जहाज गाजा के लोगों के लिए राहत सामग्री लेकर जा रहा था। मैडलीन नाम के इस जहाज पर 12 लोग सवार हैं। सभी सेना की हिरासत में हैं। इस जहाज को गाजा की जगह इजराइल ले जाया गया। बीबीसी के मुताबिक इन सभी कार्यकताओं को अशदोद पोर्ट लाया गया है। यह इजराइल के पश्चिम में एक अहम पोर्ट है। गाजा से इसकी दूरी 27 किमी है। ग्रेटा थनबर्ग और बाकी लोगों को हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का वीडियो दिखाया जाएगा। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने सेना को यह आदेश दिया है। काट्ज ने यह आदेश देते हुए खासतौर पर थनबर्ग का नाम लिया। उन्होंने कहा कि ग्रेटा और उनके हमास समर्थक साथियों को देखना चाहिए कि हमास असल में क्या है और उन्होंने कैसे इजराइल की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को मारा। 43 मिनट के इस वीडियो में दिखाया गया है कि हमले के दौरान किस तरह निर्दोष लोगों की हत्या की गई और उनके शवों के साथ क्या क्रूरता हुई। वीडियो की फुटेज



आतंकवादियों के बॉडीकैम से ली गई है और इसमें किसी भी फुटेज को सेंसर नहीं किया गया है। हमास के इस हमले में 1200 से ज्यादा इजराइली लोगों की मौत हुई थी। इजराइल, इससे भी कुछ पत्रकारों और बड़ी हस्तियों को यह वीडियो दिखा चुका है। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें ग्रेटा थनबर्ग और उनके साथियों को इजराइली नौसेना इजराइल ले जा रही है। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तंज कसते हुए लिखा- सेल्फी यॉट के सभी यात्री ठीक और सुरक्षित हैं। उन्हें सैंडविच और पानी मुहैया कराया गया है। शो अब खत्म हो चुका है। एक और पोस्ट में मंत्रालय ने कहा कि इन कार्यकताओं को इजराइल ले जाने के बाद उनके देश भेज दिया जाएगा। तुर्किये ने मैडलीन जहाज के रोके जाने की निंदा की है। इस जहाज पर तुर्किये के एक कार्यकर्ता सुएब ओरडू भी सवार थे। विदेश मंत्रालय ने इजराइल के इस कदम को अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन बताया और कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि ईरान एक आतंकी राज्य की तरह बर्ताव कर रहा है। यह 12 सदस्यीय दल का एक हिस्सा है। ईरान ने भी इस घटना की निंदा की है और इसे समुद्री डकैती करार दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बाकेई ने कहा कि यह हमला अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में हुआ और इस कारण इसे समुद्री डकैती माना जाना चाहिए। स्पेन ने भी इस घटना को लेकर आपत्ति जताई है। स्पेन के विदेश मंत्रालय ने इस घटना को लेकर इजराइल के राजनयिक को भी तलब किया है। दरअसल, इस जहाज पर एक स्पेनिश नागरिक सर्जियो टोरिबियो भी था। इससे पहले ग्रेटा और उनके साथियों ने वीडियो जारी कर आरोप लगाया था कि इजराइली सैनिकों ने उन्हें और उनके साथियों को इंटरनेशनल वाटर्स में अगवा कर लिया है।

# नामीबिया के एयर फोर्स कमांडर ने आईएएफ के उप प्रमुख से की बात

## द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर हुई चर्चा

एजेंसी

नामीबियाई वायुसेना के कमांडर एयर वाइस मार्शल टेओफिलस शैंडे ने सोमवार को वायुसेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। इस दौरान दोनों देशों के बीच प्रशिक्षण सहयोग, क्षमता विकास और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। एक्स पर एक पोस्ट में अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने लिखा, नामीबियाई




वायु सेना के वायु सेना कमांडर एयर वाइस मार्शल टेओफिलस शांडे ने लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, श्उडअर से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच प्रशिक्षण सहयोग, क्षमता विकास और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय रक्षा जुड़ाव को और मजबूत करने पर चर्चा की। इससे पहले दिन में, एयर वाइस मार्शल टेओफिलस शैंडे ने दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर भारत के वीरों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के अकाउंट से पोस्ट में कहा गया कि नामीबियाई वायु सेना के कमांडर एयर वाइस मार्शल टेओफिलस शैंडे ने भारत के वीरों को श्रद्धांजलि देते हुए अमरजवानज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारत और नामीबिया के बीच मधुर और सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। नामीबिया के लोग और नेतृत्व भारत को एक भरोसेमंद और विश्वसनीय मित्र के रूप में देखते हैं। नामीबिया में भारतीय

> एक्स पर एक पोस्ट में अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने लिखा, नामीबियाई वायु सेना के वायु सेना कमांडर एयर वाइस मार्शल टेओफिलस शांडे ने लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, श्उडअर से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच प्रशिक्षण सहयोग, क्षमता विकास और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय रक्षा जुड़ाव को और मजबूत करने पर चर्चा की।

उच्चायोग के बयान के अनुसार, उनके मुक्ति संघर्ष के दौरान भारतीय समर्थन को नामीबिया के नेता गर्मजोशी से याद करते हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र में नामीबिया की स्वतंत्रता का सवाल उठाने वाले पहले देशों में से एक था।

# कोविड 19: ममता बनर्जी ने की समीक्षा बैठक, बोलीं- घबराने की कोई जरूरत नहीं



एजेंसी

केरल और गुजरात के बाद भारत में तीसरे सबसे अधिक सक्रिय कोविड मामले वाले पश्चिम बंगाल के रूप में, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में तैयारियों का जायजा लेने के लिए सोमवार को शीर्ष सरकारी अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक की। बैठक के बाद राज्य सचिवालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बनर्जी ने कहा कि हमने आज एक बैठक की ताकि हम तैयार रह सकें। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के विशेषज्ञ भी शामिल हुए। हमें उम्मीद है कि कोई और महामारी नहीं होगी। हमें सतर्क रहने की जरूरत है। लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सोमवार सुबह तक राज्य में कम से कम 747 सक्रिय कोविड मामले थे। पिछले 24 घंटों में कम से कम 54 सक्रिय मामले सामने आए। केरल में 1,957 सक्रिय मामले हैं, जबकि गुजरात में 980 मामले हैं। सोमवार सुबह तक भारत में कम से कम 6,491 सक्रिय कोविड-मामले थे। पश्चिम बंगाल में एक मौत की सूचना मिली है। राज्य सचिवालय में बैठक में शामिल डॉक्टरों ने कहा कि वर्तमान में लोगों को प्रभावित करने वाला वायरस

> सोमवार सुबह तक राज्य में कम से कम 747 सक्रिय कोविड मामले थे। पिछले 24 घंटों में कम से कम 54 सक्रिय मामले सामने आए। केरल में 1,957 सक्रिय मामले हैं, जबकि गुजरात में 980 मामले हैं।

ओमिक्रॉन का एक उपप्रकार है। कोलकाता के इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में संक्रामक रोग विभाग के प्रमुख डॉ. योगीराज रे ने कहा, ₹अभी तक इसे 'चिंता का विषय' नहीं माना गया है। इस सबवेरिएंट से सामान्य इन्फ्लूएंजा जैसी खांसी और जुकाम होने की संभावना है। हमें उम्मीद है कि यह लहर तेजी से फैलेगी और फिर जल्दी ही खत्म हो जाएगी। हालांकि, बनर्जी ने कहा कि सरकार अभी कोई दिशानिर्देश जारी नहीं कर रही है या प्रतिबंध नहीं लगा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, बैठक में हमने तैयारियों का जायजा लिया। उम्मीद है कि महामारी कभी वापस नहीं आएगी। हमें सतर्क रहना होगा, दहशत नहीं फैलाएं। उन्होंने कहा, फेफड़ों और सीने में संक्रमण या कुछ अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोगों को अधिक सतर्क रहना होगा। कभी-कभी, उम्र भी एक कारक होती है।

# दिल्ली में पारा 43.4 डिग्री पहुंचा, गर्मी 49डिग्री जैसी हुई महसूस

## आज के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी; राजस्थान के हीटवेव की रेड, एमपी में येलो चेतावनी जारी

> सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सुबह का तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आर्द्रता का स्तर लगभग 48 प्रतिशत दर्ज किया गया। दोनों स्थितियों को मिला दें, तो शहर में मौसम असहज होने की संभावना है।

एजेंसी

नई दिल्ली , मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर समेत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जेसे मैदानी राज्यों के लिए हीटवेव और लू का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों के ज्यादातर जिलों में सोमवार दोपहर में तापमान 40डिग्री के पार रहा है। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को हीटवेव-गर्मी का तेज असर रहा। सफदरजंग इलाके में अधिकतम पारा 43.4डिग्रीरहा,



लेकिन गर्मी 49डिग्री फील की गई। दिल्ली-एनसीआरमें आज हीटवेव-गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी रही। यहां 10 और 11 जून को हीटवेव और गर्मी का ऑरेंज अलर्ट ही है। 12-13 जून के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राजस्थान में तेज हीटवेव और गर्म रात का रेड अलर्ट जारी किया है। सबसे ज्यादा अलर्ट राज्य के पश्चिमी जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, जालोर, सिरोही में है। इधर पूर्वी राजस्थान में गर्मी और गर्म रात दोनों का ऑरेंज अलर्ट है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में रविवार को 47.4डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। जो देश में सबसे अधिक था। पहाड़ी राज्यों में भी तेज गर्मी जारी है। जम्मू-कश्मीर में अगले 3 दिन येलो अलर्ट है। मध्य प्रदेश के 16 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट है। मानसून की बात करें तो यह 29 मई से अभी भी बिहार-पश्चिम बंगाल की सीमा पर अटका है। 15 जून तक इसके मध्य प्रदेश में पहुंचने की संभावना है। मानसून की बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों में भारी तबाही रही। बाढ़ की स्थिति रही। हालांकि अब हालात थोड़े सामान्य हुए हैं। मई में सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड भारत मौसम विभाग ने बताया कि जब से बारिश का रिकॉर्ड रखा जा रहा है (साल 1901) तब से अब तक सबसे ज्यादा बारिश इस साल मई में हुई है। इस साल देश में औसतन 126.7 बारिश हुई। यह लंबे समय के औसत 61.4 से 106% ज्यादा है। चाटेन में रविवार को भी हुआ लोगों का रेस्क्यू

1 जून की शाम को चाटेन में एक मिलिट्री कैंप भूस्खलन की चपेट में आ गया। भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण क्षेत्र में सड़क संपर्क टूट जाने के कारण उत्तरी सिक्किम के चाटेन में फंसे कम से कम 28 लोगों और 20 जवानों को रविवार को एयर लिफ्ट किया गया।

# मैं पहले एक असमिया हूं, बाद में मुख्यमंत्री, हिमंत बिस्वा सरमा बोले, असम का हित सर्वोपरि

> हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार अवैध विदेशियों की पहचान करने और उन्हें बेदखल करने के लिए 1950 के कानून को लागू करेगी। उन्होंने दावा किया कि यह कानून जिला आयुक्तों को व्यक्तियों को अवैध अप्रवासी घोषित करने और बेदखली की कार्यवाही शुरू करने का अधिकार देता है।

एजेंसी

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया कि मैं पहले एक असमिया हूं और बाद में मुख्यमंत्री हूं, और मेरे सभी कार्य इसकी झलक दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि असम के हितों की रक्षा करने की हमारी यात्रा में, हम पूर्व मुख्यमंत्रियों से प्रेरणा लेने में पीछे नहीं हटते। उन्होंने आगे कहा कि अवैध घुसपैठ के खिलाफ हमारी सशक्त लड़ाई में, हमें एक विशेष प्रावधान से ताकत मिलती है, जो डीसी को असम से घुसपैठियों की पहचान



करने और उन्हें बाहर निकालने का अधिकार देता है। हमने पिछले कुछ महीनों में 330 से अधिक अवैध घुसपैठियों को वापस खदेड़ा है और आने वाले दिनों में इस अभियान में तेजी लाई जाएगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार अवैध विदेशियों की पहचान करने और उन्हें बेदखल करने के लिए 1950 के कानून को लागू करेगी।

# तेज गति से होगी यमुना नदी की सफाई, केंद्र और दिल्ली सरकार ने मिलाया हाथ

> यमुना नदी में प्रदूषण निगरानी के लिए 67 स्थानों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि जुलाई तक एक सर्वेक्षण किया जाएगा और रिपोर्ट दिल्ली जल बोर्ड को सौंपी जाएगी। सितंबर 2025 तक 67 चिन्हित स्थानों पर साल में दो बार प्रदूषण प्रभाव मापने के लिए एक स्थायी प्रणाली स्थापित की जाएगी।

एजेंसी

केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार ने यमुना नदी को साफ करने के लिए एक

## 22 प्रमुख नालों के ड्रोन सर्वेक्षण का प्लान

संयुक्त प्रयास शुरू किया है, जिसमें प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से कई पहल की गई हैं। 22 प्रमुख नालों के लिए ड्रोन सर्वेक्षण किया जाएगा और प्रदूषण निगरानी के लिए 67 स्थानों की पहचान की गई है। एक शीर्ष सूत्र ने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) 360 छोटे और बड़े नालों का फिर से सत्यापन करेगा और नदी में गिरने वाले 22 प्रमुख नालों के लिए ड्रोन सर्वेक्षण करेगा। यमुना नदी में प्रदूषण निगरानी के लिए 67 स्थानों की




पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि जुलाई तक एक सर्वेक्षण किया जाएगा और रिपोर्ट दिल्ली जल बोर्ड को सौंपी जाएगी। सितंबर 2025 तक 67 चिन्हित स्थानों पर साल में दो बार प्रदूषण प्रभाव मापने के लिए एक स्थायी प्रणाली स्थापित की जाएगी। जल शक्ति मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को नालों में पानी के प्रवाह को मापने का काम सौंपा गया है, जो जुलाई तक पूरा हो जाएगा। अगस्त तक स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन नजफगढ़ और शाहदरा नालों का भी सर्वेक्षण करेगा। दिल्ली जल बोर्ड शेष 20 प्रमुख नालों का सर्वेक्षण करेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, दिल्ली सरकार 32 रियल-टाइम जल निगरानी स्टेशन स्थापित कर रही है, जिसमें यमुना नदी पर 10 और प्रमुख नालों पर 22 स्टेशन शामिल हैं। दिल्ली के बजट 2025-26 में, दिल्ली के सीएम गुप्ता ने यमुना की सफाई के लिए विशेष रूप से 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जहां 40 विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण के लिए धन आवंटित किया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई थी बैठक: हाल ही में केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई

## संक्षेप

### हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव पर आरएसएस का आयोजन

**विभाग प्रमुख बोले – शिवाजी महाराज के सपनों को साकार करना जरूरी**

सुलतानपुर, बंधुआ कला स्थित गायत्री मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सोमवार को हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव मनाया। कार्यक्रम में सुलतानपुर विभाग प्रमुख दयाराम मुख्य वक्ता रहे। दयाराम ने बताया कि ज्येष्ठ मास की त्रयोदशी को हर साल हिंदू साम्राज्य दिन उत्सव मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इसी दिन छत्रपति शिवाजी महाराज को उनका खोया हुआ राजपाट वापस मिला था। शिवाजी महाराज ने समाज के दुश्मनों से लड़ते हुए हिंदू साम्राज्य की स्थापना की थी। कार्यक्रम में दयाराम ने हिंदू धर्म के विस्तार की अपील की। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म की रक्षा के लिए कई महापुरुषों ने जन्म लिया। इस अवसर पर जिला सह संपर्क प्रमुख सत्य प्रकाश, खंड कार्यवाहक मनोज सिंह और विहिप प्रखंडमंत्री जितेन्द्र कसेरा मौजूद रहे। भाजपा नेता पवन सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### फास्ट फूड दुकान पर चाऊमीन को लेकर हंगामा

**दुकानदार और उसके भाई को लोहे के पलटे से पीटा, मुकदमा दर्ज**

सुलतानपुर, कूरेभार में किरौदी मोड़ के पास स्थित विजय फास्ट फूड की दुकान पर चाऊमीन के ऑर्डर को लेकर विवाद हो गया। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के शाहिद और तनवीर समेत चार अज्ञात लोग बाइक से दुकान पर आए। आरोपियों ने चाऊमीन के ऑर्डर को लेकर दुकान संचालक विजय यादव से गाली-गलौज शुरू कर दी। विजय के विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे के पलटे से हमला कर दिया। बचाव में आए विजय के भाई दिनेश यादव पर भी हमला किया गया। हमले में विजय और दिनेश दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। विजय यादव गोसाईगंज थाना क्षेत्र के खुटेहना का रहने वाला है। थाना अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है। दो नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### आम चोरी के आरोप में किसान की हत्या

**सुलतानपुर में पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की**

सुलतानपुर, सूरत के बारडोली में आम के बगीचे में रखवाली करने वाले किसान की हत्या कर दी गई। मिश्रपुर पुरैना निवासी सुरेश कुमार वर्मा पर 50 हजार रुपये के आम चोरी का आरोप लगा था। आरोपियों ने उनकी पिटाई कर हत्या की और शव को नहर में फेंक दिया। रविवार को पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मृतक की पत्नी भानमती देवी ने बताया कि हनुमानगंज के शमीम और नसीम उनके पति को 2 अप्रैल को गुजरात ले गए थे।

# नगर निगम ऑफिस पर वकीलों का हंगामा

**नारे लग रहे - नगर आयुक्त होश में आओ, मुर्दाबाद...मुर्दाबाद; वकीलों के चैंबर तोड़े थे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, हाईकोर्ट के पास से अतिक्रमण हटाने और न्यायालय परिसर खाली करने के आदेश पर सोमवार को अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। भारी संख्या में अधिवक्ता नगर निगम परिसर पहुंचे। वहां अपर नगर आयुक्त से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इस दौरान नगर निगम परिसर में अधिवक्ताओं ने प्रशासन और नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए "नगर आयुक्त मुदार्बाद, नगर आयुक्त होश" में आओ के नारे लगाए। हाईकोर्ट परिसर के पास चला अतिक्रमण विरोधी अभियान हाल ही में नगर निगम द्वारा हाईकोर्ट के गेट नंबर 4 के पास से अतिक्रमण हटाया गया। जिसके बाद से अधिवक्ता समुदाय में नाराजगी है। जिसकी वजह से भारी संख्या में अधिवक्ता नगर निगम ऑफिस में पहुंचें। यहां अपर नगर आयुक्त दिपेन्द्र यादव से वकीलों की बहसबाजी हुई। काफी देर तक नगर आयुक्त ने वकीलों को समझाने का प्रयास किया। फिलहाल मौके पर नगर आयुक्त शीलम साईं तेजा मौजूद नहीं थे। लेकिन मामले में किसी भी तरह का कोई समझौता और समाधान न निकलने पर वकीलों ने कार्यालय से बाहर नगर आयुक्त मुदार्बाद और होश में आओ के नारे लगाए। अधिवक्ताओं का कहना है कि जिस स्थान पर सालों से उनके बैठने की अस्थायी व्यवस्था थी। उसे बिना किसी वैकल्पिक समाधान के हटाया गया। यह न केवल उनके पेशेवर दिनचर्या को बाधित करता है, बल्कि न्यायिक कार्यों पर भी प्रभाव डालता है। नगर निगम द्वारा जिला न्यायालय परिसर के आसपास बैठे अधिवक्ताओं को भी नोटिस जारी किया गया है कि वे अपने स्थानों को खाली करें। इस नोटिस पर सोमवार को अधिवक्ताओं ने अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा और अनुरोध किया कि जब तक अधिवक्ताओं के बैठने की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। हालांकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन अधिवक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अधिवक्ताओं ने कहा- वह जनसेवा और न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं। उनके बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। हाईकोर्ट के सामने फ्लाईओवर के नीचे रविवार रात 12:30 बजे वकीलों की कुर्सी-मेजों को नगर निगम और पुलिस टीमों ने हटा दिया। साथ ही हाईकोर्ट के आसपास अतिक्रमण कर बनाई गईं दुकानों को भी आधी रात हटा दिया गया।

# भारतीय किसान यूनियन का रेल रोको आंदोलन

**जय जवान–जय किसान का नारा लगाया, नाबालिग से रेप की घटना के विरोध में एसआईटी जांच की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, कौशांबी में नाबालिग रेप पीड़िता बेटी को न्याय की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन सोमवार को रेल रोको आंदोलन कर रही है। भाकियू पदाधिकारियों का कहना है कि घटना की एसआईटी जांच हो तथा परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए। भारतीय किसान यूनियन कार्यालय उत्तर प्रदेश की ओर से रेल रोको आंदोलन का ऐलान किया गया है।

भाकियू के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह के नेतृत्व में सोमवार को सैय्यद सरावां रेलवे स्टेशन पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ट्रेन रोकेंगे। कौशांबी में बीते दिनों नाबालिग लड़की के साथ रेप हुआ था। इस मामले पर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। घटना के बाद आक्रोशित लोगों को पुलिस द्वारा पीटने का भी आरोप है।

## नदी में डूबने से किशोर की मौत



**बकरियां चराने गया था, नहाते समय डूबा, देर रात मिला शव**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के पूरे गोडियन मजरे संसारपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई। रविवार शाम को मवेशी चराने गए 13 वर्षीय लोकेश की नदी में डूबने से मौत हो गई। लोकेश पुत्र ननकू रोजाना की तरह गांव के बाहर बकरियां चराने गया था। वह नजदीकी नदी में नहाने लगा। गहराई का अंदाजा न होने के कारण वह पानी में डूब गया। जब वह लंबे समय तक वापस नहीं लौटा, तो परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से नदी से उसका शव बरामद किया गया। सूचना मिलते ही शुकुल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि किशोर नदी के आसपास बकरियां चरा रहा था। इसी दौरान वह नहाने के लिए नदी में चला गया। गहरे पानी में जाने से उसकी मौत हो गई। इस हादसे से गांव में शोक की लहर है।

## वीवीएस राष्ट्रीय राजनीतिक संगठन की बैठक न्यायमूर्ति श्री योगेश चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई संपन्न

**बैठक का संचालन राष्ट्रीय संयोजक अनिल वार्ष्णेय गुरुग्राम ने किया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



लखनऊ :- आज दिनांक 8 जून 2025 को वीवीएस राष्ट्रीय राजनीतिक संगठन की एक बैठक राज्य अतिथि ग्रह मीराबाई मार्ग लखनऊ में न्यायमूर्ति श्री योगेश चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन राष्ट्रीय संयोजक अनिल वार्ष्णेय गुरुग्राम ने किया। इस बैठक में वार्ष्णेय समाज के महानुभावों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य वार्ष्णेय समाज को संगठित करने पर जोर दिया गया है।। इस बैठक में वार्ष्णेय समाज के लोगो ने अपने अपने विचारों के माध्यम से समाज को एकत्रित करने पर विचार विमर्श किया। वही संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अनिल वार्ष्णेय ने वार्ष्णेय समाज को एक जुट करने पर जोर दिया और कहा कि कोई भी राष्ट्र समाज से बनता है, और समाज लोगों से ,जिस समाज के लोग एकजुट होंगे तो न समाज कमजोर होगा और न राष्ट्र। अतः राष्ट्र निर्माण में वार्ष्णेय समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। वही राजनीतिक संगठन का विस्तार करते हुए कमल कुमार जी को लखनऊ का प्रभारी नियुक्त किया गया , वही साथ साथ पीयूष गुप्ता को हैदराबाद का प्रभारी , योगेश गुप्ता को मुंबई से संगठन मंत्री ,राजेश वार्ष्णेय को मथुरा का सयोंजक,हाथरस जिले का संगठन मंत्री स्वेत वार्ष्णेय एवं नगेन्द्र गुप्ता को ग्वालियर का प्रभारी नियुक्त किया है। बैठक में न्यायमूर्ति योगेश चंद्र गुप्ता (सेवनिर्वित इलाहाबाद हाईकोर्ट), अनिल वार्ष्णेय राष्ट्रीय संयोजक वीवीएस, वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार नवरत्न, कमल कुमार, गोविंद लाल गुप्ता, हर्ष गुप्ता ,नितिन वार्ष्णेय, D .P. गुप्ता, सुशील वार्ष्णेय ,साधना गुप्ता, सी .के .वार्ष्णेय, बांके विहारी वार्ष्णेय ( गुड़गांव ), शुभम गुप्ता आदि वार्ष्णेय समाज के लोग मौजूद रहे।

## हर घर नल योजना में सड़कें खोदी



**अमेठी के कई गांवों में आवागमन प्रभावित, स्कूली बच्चे और बुजुर्ग परेशान**


भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, हर घर नल योजना का क्रियान्वयन ग्रामीणों के लिए चुनौती बन गया है। जगदीशपुर ब्लॉक के कोईलारा, मुबारकपुर और पूरे शम्भू गांव में पाइपलाइन बिछाने के लिए मुख्य सड़कों को बिना पूर्व सूचना के खोद दिया गया है। इस कार्य से स्थानीय निवासियों को आवागमन में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि योजना अच्छी है, लेकिन क्रियान्वयन की विधि उचित नहीं है। स्थानीय निवासी अयूब, बद्री प्रसाद लोधी, श्रीराम पासी समेत कई ग्रामीणों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि आगामी बारिश के मौसम में कीचड़ और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद सड़कों की मरम्मत तुरंत कराई जाए।

# ककरहिया गढ़ा में बिजली संकट

**24 घंटे में सिर्फ 10 घंटे बिजली, किसानों की फसलें और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, जनपद के जगदीशपुर ब्लॉक के ककरहिया गढ़ा मालवा ग्रामसभा में बिजली संकट गहरा गया है। गांव में 24 घंटे में केवल 10 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है। इस संकट का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है। खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है।

किसान देवनाथ यादव के अनुसार फसलें सूखने की कगार पर हैं। बिजली व्यवस्था में सुधार न होने से उनकी मेहनत और लागत दोनों व्यर्थ जाने का खतरा है। गांव के निवासी उमेश गुप्ता ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। रात में रोशनी की कमी से पढ़ाई बाधित है। गर्मी में पंखा न चलने से बच्चों को नींद नहीं आती। बुजुर्गों और बीमार लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बिजली आपूर्ति को सुचारू करने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते समाधान नहीं निकला तो किसानों और छात्रों को नुकसान झेलना पड़ेगा। ग्रामीण चाहते हैं कि गांव की सामान्य जीवनशैली जल्द से जल्द पटरी पर लौटे।

# युवक की हत्या, शव को जलाया

**पुलिस को आधी जली हुई लाश मिली, पुलिस पहचान के लिए सीसीटीवी देख रही**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, पिसावा थाना क्षेत्र में सोमवार को युवक का अधजला शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। खेत में युवक का जला हुआ शव पड़ा हुआ था। आसपास के लोगों ने जब शव देखा तो वहां भीड़ लग गई। लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर पिसावा थाने की फोर्स और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची। टीम ने आसपास से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है। वहीं मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लोगों से पूछताछ कर रही है, जिससे मृतक के बारे में जानकारी मिल सके। मृतक का शव पिसावा के गांव पोस्तिका में खाली पड़े खेत में पड़ा हुआ था। पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन शुरू की तो पता चला कि उसका शव आधे से ज्यादा चल चुका है और उसे ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाया गया है। जिससे प्रथम दृष्टया यह लग रहा है कि युवक की हत्या की गई है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चलेगा कि युवक की मौत कैसे हुई है। उसे हत्या करने के बाद जलाया गया है, या फिर जिंदा ही युवक को जला दिया गया था। युवक का शव खाली पड़े खेत में मिला है, जहां लोगों का आना जाना कम होता था। पुलिस क्षेत्र में गुमशुदा लोगों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस गांव के आसपास मुख्य मार्ग और दुकानों में लगे हुए सीसीटीवी की जांच कर रही है। जिससे यहां आने जाने वाले संदिग्ध लोगों की पहचान की जा सके। वहीं युवक खेत में कैसे पहुंचा था, इसकी जानकारी मिल सके। हालांकि अभी पुलिस को ऐसा कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे मृतक के बारे में सही जानकारी मिल सके। पिसावा पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदा लोगों की जानकारी भी जुटा रही है। मृतक की उम्र लगभग 30 साल के आसपास है।

# बांके बिहारी के बाद राधावल्लभ मंदिर में प्रदर्शन

**कॉरिडोर और न्यास का किया विरोध, नारेबाजी कर जताया आक्रोश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, बांके बिहारी कॉरिडोर और न्यास बनाने के लिए लाए गए अध्यादेश का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। बांके बिहारी मंदिर के गोस्वामियों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन का अब ब्रज के अन्य मंदिरों के सेवायत भी समर्थन कर रहे हैं। सोमवार को राधावल्लभ मंदिर में गोस्वामियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। राधा बल्लभ मंदिर में राजवंश से जुड़े गोस्वामी राजभोग आरती के बाद मंदिर में एकत्रित हुए। उन्होंने मंदिर में विरोध के बैनर लगाए। इसके बाद सभी ने कॉरिडोर हाय हाय के नारे लगाते हुए मंदिर के आंगन में खड़े हो कर प्रदर्शन किया। गोस्वामियों ने कहा जिस तरह सरकार आज बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर और न्यास बनाने की बात कर रही है वह गलत। विरोध कर रहे सूरज गोस्वामी ने बताया कि वृंदावन के प्राचीन स्वरूप को बिगाड़ने के लिए सरकार यह कॉरिडोर की योजना लाई है। इसका विरोध करते हैं क्योंकि वृंदावन के वास्तविक स्वरूप को सरकार नष्ट करना चाह रही है। वृंदावन की जो पौराणिक कुंज गलियां हैं स्वरूप है उसको न तोडा जाए। सूरज गोस्वामी ने बताया कि मुगल आक्रांताओं ने जब हमले किए तो इन्हीं गलियों की वजह से मंदिर बच पाए आज सरकार इनको नष्ट करना चाह रही है। राधा बल्लभ मंदिर में जब विरोध के लिए बैनर लगाए गए

# 30 करोड़ चालकों के लिए राष्ट्रीय आयोग की मांग

**पीएम को पत्र में चालक वेलफेयर बोर्ड की मांग, स्टेरिंग छोड़ो आंदोलन की चेतावनी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, देशभर के वाहन चालक संगठनों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर राष्ट्रीय चालक आयोग के गठन की मांग की है। संगठनों का कहना है कि देश में करीब 30 करोड़ चालक हैं। सुल्तानपुर में वाहन चालक संगठन ने सोमवार को आप सांसद संजय सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। चालक संगठनों ने पत्र में कहा कि उन्हें पुलिस और ट्रांसपोर्टरों से प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। इससे वे आर्थिक और मानसिक परेशानी झेल रहे हैं। साथ ही उनके अधिकारों का हनन हो रहा है।

# कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला में समर कैंप समाप्त

**छात्रों ने योग, नृत्य और कविताओं से दर्शकों का मन मोहा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला में चल रहा समर कैंप सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। मानवाधिकार परिवार अयोध्या के उपाध्यक्ष नासिर हुसैन मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ-अमेठी के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने की। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। शिक्षिका शशि कुमारी सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। सुचित्रा सती और दिनेश कुमार वर्मा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया। इनमें योगाभ्यास, लूडो और कैरम बोर्ड जैसे इनडोर खेल शामिल थे। छात्रों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नृत्य, कविता और एकांकी की प्रस्तुतियां दीं। देवांशी चौरसिया, मुस्कान और अहम ने मुख्य प्रतिभागियों के रूप में भाग लिया। प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने समर कैंप को बच्चों के व्यक्तित्व विकास का माध्यम बताया। एआरपी विनोद कुमार सिंह ने विद्यालय को परियोजना कार्यालय की रिपोर्टिंग के लिए बधाई दी। मुख्य अतिथि ने बच्चों को बिस्किट और टॉफी वितरित की। उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर 21 मई से शुरू हुआ यह समर कैंप 10 जून को समाप्त होगा।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० –A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी